Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 302 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 24 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जब भूत और भविष्य अव्यक्त हो जाते हैं, तो आत्मा व्यक्त हो जाती है।

When past and future become inexpressible the soul expresses itself.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस, डेढ़ लाख तक मुफ्त इलाज के बारे में दी जानकारी

**रायपुर (विसं)।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अब आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पतालों में 7 दिन तक डेढ़ लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी एक व्यक्ति को हादसे में चोट लगती है, तो उसे डेढ़ लाख तक का इलाज मिलेगा। वहीं, यदि एक ही परिवार के दो लोग घायल होते हैं, तो तीन लाख और तीन लोग घायल होते हैं, तो साढ़े चार लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। आज शुक्रवार से यह योजना लागू हो जाएगी।

### दिल्ली-एनसीआर में कोरोना ने दी दस्तक, गुरुग्राम में मिले 2 मरीज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोविड-19 महामारी का खतरा एक बार फिर से सिर उठाने लगा है। एशिया के कई देशों में कोरोना के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है और अब भारत में भी फिर से कोविड पॉजिटिव केस सामने आने लगे हैं। खासकर, दिल्ली से सटे गुरुग्राम, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई और गुजरात के अहमदाबाद में नए मामले सामने आए हैं। गुरुग्राम के साइबर सिटी इलाके में कोरोना की दस्तक हो चुकी है। यहां दो नए केस रिपोर्ट हुए हैं, जिनमें से एक मरीज हाल ही में मुंबई से लौटी हैं।

## सीएम विष्णुदेव साय ने बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प पहुंचकर की जवानों की हौसला अफजाई



### साय ने कहा- जवानों के बुलंद हौसलों से मिटेगा नक्सलवाद का कलंक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारे जवानों का हौसला दुर्गम पहाड़ों से भी ऊंचा है। नक्सलवाद के विरूद्ध निर्णायक लड़ाई में हमारे जवानों ने अदभुत, साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है। जवानों के बुलंद हौसलों से अब वह दिन दूर नहीं जब बस्तर से नक्सलवाद का नामोनिशान मिट जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय आज ओरछा ब्लॉक के ग्राम बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प पहुंचे, जहां पर उन्होंने 21 मई को डीआरजी-बीएसएफ और जिला बल के द्वारा माओवादियों के विरूद्ध नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर की सरहदी पहाड़ियों में चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन में 27 नक्सलियों को मार गिराने वाले जवानों की हौसला-अफजाई की। उन्होंने बासिंग कैम्प में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह माओवाद के विरूद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है जिसमें सुरक्षा बलों ने हार्डकोर माओवादी बसवा राजू सहित 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और वन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह भी बासिंग पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने जवानों से कहा कि बस्तर में अमन और शांति लाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बल के जवानों को 50 मोटर बाइक पर हरी झंडी दिखाकर गस्त करने के लिए रवाना किया।

## पाकिस्तानी सेना की भारत को धमकी

**इस्लामाबाद (ए)।** आतंकवाद को पनाह देने वाला पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आने वाला। वहीं, अब पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी दी है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। शरीफ का बयान सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। शरीफ ने यह बयान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया, जिसका वीडियो वायरल हो गया। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। जिसकी वजह से पाकिस्तान पूरी तरह से बौखलाया हुआ है, यहां तक कि वह पानी के लिए भारत के सामने कई बार गिड़गिड़ा भी चुका है। वहीं, पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने गुरुवार को आर्मी चीफ आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल का बैटन सौंपा।

## पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों को बताया आसियान के साथ 200 अरब डॉलर के व्यापार का प्रवेश द्वार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार, जो वर्तमान में लगभग 125 अरब डॉलर है, आने वाले वर्षों में 200 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है, क्योंकि पूर्वोत्तर राज्य रणनीतिक व्यापार पुल और दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के महत्व पर रोशनी डाली, जो म्यांमार से थाईलैंड तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। इससे थाईलैंड, वियतनाम और लाओस के साथ भारत की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट परियोजना में तेजी लाने पर सरकार के प्रयासों को भी किया रेखांकित

यही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट परियोजना में तेजी लाने के सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जो कोलकाता बंदरगाह को म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह से जोड़ेगी, जो मिजोरम के माध्यम से एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पश्चिम बंगाल और मिजोरम के बीच यात्रा की दूरी को काफी कम कर देगी, जिससे व्यापार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला के मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में चल रहे विकास पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय और मिजोरम में भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों की स्थापना से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अवसरों का और विस्तार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये प्रगति पूर्वोत्तर को इंडो-पैसिफिक देशों के साथ व्यापार में एक उभरती हुई ताकत के रूप में स्थापित कर रही है, जिससे निवेश और आर्थिक विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने नक्सल मुठभेड़ में शहीद जवान मेहुल भाई को दी श्रद्धांजलि

### कहा- व्यर्थ नहीं जाएगा शहीद जवानों का सर्वोच्च बलिदान, नक्सलवाद के समूल नाश का संकल्प करेंगे पूरा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले के उसूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के कांस्टेबल श्री सोलंकी मेहुल भाई नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह राज्य रवानगी से पूर्व अंतिम विदाई दी।



मुख्यमंत्री आज माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय इस मौके पर शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद मेहुल भाई की वीरता और देशभक्ति हमेशा याद रखी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले एक वर्ष से नक्सल विरोधी अभियान तेज हुई है और हमारे जवानों ने नक्सलवाद से डटकर मुकाबला कर बड़ी सफलताएं हासिल की है।

## ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी की इच्छाशक्ति, खुफिया जानकारी और सेना की ताकत का प्रतीक : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को पूरी तरह से दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है। अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदम उठाने का श्रेय पीएम मोदी को दिया। 22वें सीमा सुरक्षा बल इन्वेस्टिचर समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान के दौरान बोलते हुए, शाह ने



भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भारत की आतंकवाद विरोधी रणनीति में आमूल-चूल परिवर्तन और ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदम उठाने का श्रेय दिया। हमने न तो किसी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया और न ही किसी एयरबेस पर हमला किया। उन्होंने भारत की संयमित और सटीक रणनीति को रेखांकित करते हुए कहा, हमने न तो किसी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया और न ही किसी एयरबेस पर हमला किया।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) में विश्व मधुमक्खी दिवस-2025 का आयोजन



**मुम्बई (विश्व परिवार)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने मंगलवार को इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में 'विश्व मधुमक्खी दिवस-2025' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम – प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक (Bee inspired by nature to nourish us all) पर आधारित था, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति के अभियान को सशक्त करता है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, छात्रों, और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया। यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में किया।

मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा, मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया 'हनी मिशन' आज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने जब 'स्वीट क्रांति' का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया; जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

अध्यक्ष केवीआईसी ने विशेष रूप से केवीआईसी के 'हनी मिशन' की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2, 29, 409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं, जिससे लगभग 20, 000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। इससे मधुमक्खी पालकों को लगभग

## प्रदेश के अस्पतालों को मिले 7 नए विशेषज्ञ चिकित्सक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) ने 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इन चिकित्सकों की तैनाती प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 07 संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे त्वरित और बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी तथा चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। इन चिकित्सकों को संबंधित जिलों के ग्रामीण एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। इस संबंध में नवीन संविदा नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदों के साथ महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की बैठक सम्पन्न



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के माननीय सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ आज आयोजित की गई। तृतीय तल सभागार महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित यह बैठक सौहार्दपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में तोखन साहू, माननीय सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में तोखन साहू, माननीय सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के अलावा डॉ ज्योत्सना महंत, माननीया सांसद कोरबा, कमलेश जांगड़े, माननीया सांसद जांजगीर-चांपा, प्रदीप पुरोहित, सांसद बरगढ, चिंतामणि महाराज, माननीय सांसद सरगुजा शामिल हुये7 इसके अलावा जे.ओराम, माननीय सांसद सुंदरगढ, राधेश्याम राठिया, माननीय सांसद रायगढ, देवेंद्र प्रताप सिंह, माननीय सांसद राज्यसभा (रायगढ़), हिमाद्री सिंह, माननीया सांसद शहडोल के प्रतिनिधि, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर करने में मिलेगा।

बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का परिचय, उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यों से संबन्धित प्रेजेंटेशन माननीय सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम मे मंडल रेल प्रबन्धक राजमल खोईवाल द्वारा प्रेजेंटेशन में बिलासपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य, आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, दिव्यांग जनों, अमृत भारत स्टेशन योजना, वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट, महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख किया गया। वाई-फाई, स्वच्छता प्रोजेक्ट, रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139, यात्री सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस क्लब में स्व. कुमार साहू का पुण्य स्मरण




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर प्रेस क्लब में प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य और नवभारत में लंबे समय तक संपादक सदस्य रहे स्व. कुमार साहू की 17वीं पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण कार्यक्रम आयोजित हुआ. इस मौके पर स्व. कुमार के पुत्र अनुपम साहू और वरिष्ठ पत्रकार श्याम बेताल विशेष रूप से मौजूद रहे। अनुपम साहू ने अपने पिता से जुड़े संस्मरणों को साझा करते हुए बताया कि पिता जी अपनी लेखनी में साहित्यकारों की पंक्तियों को आवश्यक रूप से शामिल करते थे. कविताओं और शायरी से अपनी बात समाज तक पहुँचाते. इसकी कमी आज के समाचारों में खलती है. वहीं उन्होंने यह भी बताया कि पिता जी को अपने निधन का पूर्वाभास हो गया था. उन्होंने अपने ही निधन का समाचार लिख रखा था। वरिष्ठ पत्रकार बेताल ने कहा कि स्व. कुमार का भरपूर स्नेह उन्हें मिलते रहा. उनकी भाषा और वाणी में बहुत मिठास रहती. वे बहुत सहज और सरल व्यक्तिव के धनी थे. मुझे संपादक बनने पर सबसे पहले बधाई देने वाले कुमार साहू ही थे। प्रेस क्लब महासचिव वैभव शिव पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण मौजूद रहे।

### 26 मई सोमवार को वार्ड नं. 37, 38, 39, 40 व 48 के लिये दिग्विजय कालेज में समाधान शिविर

**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** शासन की पहल पर आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ का निराकरण करने एक माह से सुशासन तिहार 2025 का पूरे प्रदेश में आयोजन हो रहा है। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समस्याओं का निराकरण बताने समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में नगर निगम द्वारा भी वार्डो में 5 मई से 31 मई 2025 तक प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताकर उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दे रहे है। शिविर के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कडी में 26 मई सोमवार को वार्ड नं. 37, 38, 39, 40 व 48 के लिये दिग्विजय कालेज में प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिये है, उनका समाधान बताया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। उन्होंने उपरोक्त 5 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का समाधान जान, शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील की है।

### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 23 मई 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में विजय घृतलहरे पिता स्व. नकुल घृतलहरे निवासी ग्राम कोसमंदी, तहसील पलारी, रेखा बाई पति स्व. मोहनलाल, निवासी ग्राम मोहान, तहसील पलारी एवं सतवती बाई पति स्व दिलीप निवासी ग्राम खैरी, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### राज्यपाल डेका ने दो जिलों के 20 टी.बी. मरीजों को दी 1.20 लाख की सहायता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और दंतेवाड़ा जिलों के 20 टीबी मरीजों के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु 1 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहायता राशि उन्होंने अपने स्वेच्छानुदान मद से दी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके पूर्व राज्यपाल ने बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के 30 टीबी मरीजों के लिए 1, 80, 000 रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की थी। राज्यपाल डेका ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 10 टीबी मरीजों के लिए एक वर्ष हेतु 60 हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की है। इसी प्रकार दंतेवाड़ा जिले के 10 मरीजों को भी प्रति माह 500 रुपए के मान से एक वर्ष तक के लिए 60 हजार रुपए की सहायता दी गई है। उल्लेखनीय की पूर्व में राज्यपाल द्वारा बिलासपुर कोरिया और सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के 30 टीबी मरीजों के लिए 180000 रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी।

## जलजनित मौसमी बिमारियों से बचाव के लिए प्रारंभिक तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की अध्यक्षता में जिला मलेरिया विभाग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, शहरी परिवार कल्याण विभाग की एक दिवसीय जल जनित बिमारियों जैसे- उल्टी, दस्त, डायरिया, पीलिया एवं मच्छर जनित रोगो जैसे- डेंगू/मलेरिया से बचाव/रोकथाम के लिए जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, शहरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयाम सिंह, सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. सोनल सिंह, प्रभारी सहायक मलेरिया अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, प्रबंधक नगर स्वास्थ्य सेवा बीएसपी रमेश गुप्ता, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह, निगम के सभी सेक्टर सुपरवाईजर, एरिया कॉडिनेटर पुष्पा मिश्रा, टोमिन साहू, के एल कुमारी, सभी मितानीन प्रशिक्षक उपस्थित रहे।




आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया मच्छर अपने जीवनकाल की प्रारंभिक तीन अवस्थाएं अण्डा, लार्वा एवं प्यूपा पानी में रहकर ही पूरा करते है। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने के पूर्व ही प्रारंभिक जीवनकाल में मच्छर लार्वा स्त्रोतों को समाप्त कर देना ही रोगो के नियंत्रण के लिए अति महत्वपूर्ण उपाय है। महामारी नियंत्रण के लिए मैदानी स्वास्थ्य अमलों को किसी भी महामारी के लिए सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए है। मितानीन एवं महिला आरोग्य समिति के सदस्यो से समन्वय स्थापित कर सतत निगरानी रखे और प्रभावित मरीज की सूचना मिलते ही अतिशीध्र आवश्यक प्रतिबंधक कार्यवाही की जाए। भ्रमण के दौरान देखने में आता है कि प्लास्टिक, कुरकुरे, चिप्स आदि के पैकेट नालियों में बिखरे पड़े रहते है। जिससे नालियॉ जाम हो जाती है, जिससे पानी का निकासी नहीं हो पाता। ऐसे दुकानो के पास अनिवार्यत: डस्टबिन रखवाए, जो नहीं मानते उन पर चालानी कार्यवाही करें। उन्होने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए कि बड़े दुकानदारों जो इस प्रकार की सामग्री बेचते है। उनके खिलाफ न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जाए।

डेंगू के लक्षण- अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्ज, मांसपेशियों तथा जोड़ो में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जी मिथलाना, आंतरिक रक्त स्त्राव, त्वजा में चकत्ते, नाक, मुँह, मसूड़ों से खून आना, उल्टियॉ होना। इससे बचने के उपाय- घर एवं आस-पास पानी जमा न होने दें, पानी जमा होने वाले स्त्रोतों को नष्ट करें। जमा हुए पानी में जला हुआ मोबिल आईल अथवा मिटटी तेल का छिड़काव अवश्य करें। कीटनाशक दवा का छिड़काव घरों के भीतर अवश्य करवायें। मच्छर से बचने घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली लगायें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, टायर व पुराने बर्तन का पानी फेंक दें। कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सूखाकर प्रयोग करें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन टायरों में पानी जमा न होने दें।

शहरी प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि किसी प्रकार की लक्षण दिखे तो सीधे शासकीय चिकित्सालय में संपर्क करें। अन्य मेडिकल स्टोर से दवा लेकर न खाएं। डॉक्टर से ही ईलाज कराकर ही दवा लें। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल कंट्रोल रूम की तरह काम करेगा। बिमारी का पता लगने पश्चात तत्काल सुपेला अस्पताल में संपर्क करें।

## समाधान शिविर में 246 बुजर्गों का बना आयुष्मान वय वंदन कार्ड

**70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा लाभ**



**बलौदाबाजार( विश्व परिवार )।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर समाधान शिविरों में चिकित्सा स्टाफ द्वारा आमजन की स्वास्थ्य जाँच के अतिरिक्त 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। शिविर में अब तक 246 ऐसे कार्ड बनाये जा चुके हैं। जो लोग शिविर में किसी अशक्तता के कारण नहीं पहुँच पाए उनके घर जा के भी कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने अपील करते हुए कहा है कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जा कर बनवा लें ताकि शासन की इस योजना का लाभ मिल सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बने आयुष्मान वय वंदन कार्ड के माध्यम से 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा लाभ प्राप्त होता है। इससे सम्बद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार कराया जा सकता है। इसमें पुरानी बीमारी का भी उपचार होता है। वर्तमान में जिले में ऐसे 14 सम्बद्ध अस्पताल हैं जो इसका लाभ दे रहे हैं। यह लाभ हर वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त होता है।स्वास्थ्य केंद्रों में रूटीन कार्यों के तहत पूर्व की तरह कार्ड बनना सतत रूप से ज़ारी है। इस बारे में और अधिक जानकारी हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अथवा टोल फ्री नंबर 104 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर स्वास्थ्य परीक्षण



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम/देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती 21 मई से 31 मई तक आयोजित किए जाने का शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है। अहिल्या बाई होलकर के जीवन गाथा के बारे में जन जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता दीदीयों के बीच में परिचर्चा आयोजित की गई।

नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने परिचर्चा के दौरान उनसे पूछा की आप लोग देवी अहिल्या बाई होलकर के बारे में क्या जानते हो। सुनकर सब शांत रहे, कोई कुछ नहीं बोल पाया। तब आयुक्त ने बताया कि देवी अहिल्या बाई होलकर सामान्य परिवार में जन्म लेकर होलकर साम्राज्य की महारानी बनी। उन्होंने अपने शासनकाल में बहुत से सुधार किए। जिसमें प्रमुख रूप से बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार, नगर का औद्योगिकरण, महिलाओं में सुरक्षा का अधिकार, राष्ट्रहित एवं धर्म संबंधी जन जागरूकता उनके द्वारा विकसित किया गया था। विषम परिस्थितियों में भी अपने राज्य के कार्य को संभालते हुए एक अच्छी महिला प्रशासक के रूप में उनका नाम इतिहास में सम्मान पूर्वक लिया जाता है। अच्छा हुआ आज हम सब को यह सीख मिली कि एक महिला अपने एवं परिश्रम से सब कुछ कर सकती है।

इस दौरान अहिल्याबाई होल्कर जय 300 जयंती के स्वच्छता वीडियो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें समस्त स्वच्छता दीदियों का प्रोटीन चेकअप सभी स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बैकुण्ठधाम में आयोजित किया गया। जिसमें उनका बीपी, सुगर, अस्थमा, खून जांच, सर्दी, खांसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज करवाया गया, साथ में दर्जनों स्वच्छता दीदीयों के जांच के बाद दवा वितरित किया गया।

## मेयर ने की वुमेन्स फ़ॉर ट्री कैंपेन अभियान की शुरुवात

**कहा- वृक्षारोपण से महिलाओं को सामाजिक रूप से बनाया जा सकता है सशक्त**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मेयर श्रीमती अलका बाघमार वूमेन फॉर ट्री कैंपेन की शुरुवात। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं अमृत मिशन द्वारा संयुक्त रूप से शहर के नया तालाब, मठपारा में समूहों को वृक्षारोपण हेतु किट वितरण किया गया। मेयर श्रीमती अलका बाघमार एवं एमआईसी नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, तथा समूह की महिलाओं की उपस्थिति में किट वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि शहर में वूमेन फॉर ट्री कैंपेन के अंतर्गत और भी स्थानों का चयन कर 10, 000 पेड़ लगाया जाना है। जिसकी शुरुवात स्थल के चयन करते हुए आज से की गई। इस कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाए एवं वार्ड की अन्य महिलाएं तथा मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठक उपस्थित रहे।

मेयर ने कहा कि वृक्षारोपण की पहल से महिलाओं को विविध आर्थिक अवसर मिल सकते हैं।उदाहरण के लिए, महिलाएं नर्सरी की स्थापना, पौधे लगाने और रखरखाव की गतिविधियों में शामिल होकर आय अर्जित कर सकती हैं और रोजगार के अवसर पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को इन अवसरों तक पहुंच मिलती है, तो इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है, जिसका पूरे समुदाय और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

मेयर ने आगे कहा कि वृक्षारोपण से महिलाओं को सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाया जा सकता है। महिलाएं समुदाय-आधारित पहलों, जैसे कृषि वानिकी तकनीक, नर्सरी प्रबंधन और व्यवसाय विकास में भाग लेकर मूल्यवान कौशल और ज्ञान प्राप्त कर सकती हैं। ये कौशल उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और उन्हें सामुदायिक नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बना सकते हैं।

## आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन मिशन शहरी के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन मिशन शहरी के अंतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर-घर लगाने को लेकर 24 मई को सुबह 10:30 बजे संगोष्ठी अयोजित की गई है। दिन प्रतिदिन घटते हुए भूमि के जलस्तर को रोकने के लिए क्या करें, जिससे भूमि का जलस्तर बना रहे। इसके लिए प्रेजेनटेशन के माध्यम से बताया जाएगा कि किस प्रकार से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के बाद जल को संरक्षित रखा जा सकता है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से सभी प्रबुद्व वर्ग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग विशेषज्ञ, विधायक, सांसद, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, तकनिकी विशेषज्ञ, बिल्डर्स, इंजीनियर, हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, चेंबर आफ कामर्स, औद्योगिक संस्था, पत्रकारगण, निगम के अभियंतागण एवं अन्य संस्थाओं के लोगो को आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक व्यक्ति को 5 मिनट के अंदर अपना प्रेजेंटेशन खत्म करना रहेगा। सभी सुझाव को नोट करके अंत में उसका परिष्कृत रूप निकल जाएगा।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किए है कि कार्यशाला से पहले शासकीय कार्यालयो में जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है, उसे व्यवस्थित कर दिया जाए। कार्यशाला के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए किन-किन सामग्रीयो की आवश्यकता होती है। उसे किस प्रकार से बनाया जाए, जिससे बारिश के अतिरिक्त पानी को भूमि के अंदर ले जाए। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए उचित स्थल का चयन इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयुक्त पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिको से अपील किए है कि जो भी व्यक्ति रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में अच्छी जानकारी रखते है और अपनी राय देना चाहते है। वह भी कार्यशाला में उपस्थित हो होकर अपने विचार रख सकते हैं। सबके द्वारा दिए गए सुझाव, जो उपयोगी होगा उसे निगम में लागू किया जाएगा।

### 33 करोड़ की लागत से पड़कीडीह-रावन-हिरमी सड़क का होगा चौड़ीकरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। राज्य में नवीन सड़कों के साथ-साथ पुरानी सड़कों का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा और लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज बलौदाबाजार जिले के पड़कीडीह- रावन-हिरमी मार्ग का भूमिपूजन किया। लगभग 15 किलोमीटर इस मार्ग के बनने से आसपास के कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लगभग 33 करोड़ की लागत से इस मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य होगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चंहुमुखी विकास कार्य हो रहे है।


### कार्यालय नगर पंचायत पिपररिया, जिला- कबीरधाम ( छ.ग. )
Email ID - cmopipariya@gmail.com
क्रं. / 749 /स्था./तक./ न.पं./2025-26 पिपरिया, दिनांक 21/05/2025

।। मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण ।।

नगर पंचायत पिपरिया द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक निविदा अंतर्गत विभिन्न नवीन / मरम्मत / संधारण कार्य, सामग्री क्रय/रिपेयेरिंग कार्य आदि कार्यों हेतु एस.ओ. दर दिनांक 01.01.2015 व सामग्री दर तथा दर मैनुअल पद्धति से निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएँ दिनांक 06.06.2025 दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 30.05.2025
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि :- 03.06.2025
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06.06.2025 दोप. 03:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 06.06.2025 शाम 04:00 से

**ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 751/स्था./तक./न.पं./2025-26 पिपरिया दिनांक 04.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2025-26 निम्न कार्य हेतु ई-निविदा (Online) प्रचलित कलेक्टर दर (समान/ कम/अधिक पर दिनांक 04.06.2025 समय शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| No. | System Tender No. | Description | Cost (In Lakhs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 168849 | PLACEMENT AGECNCY | 25.00 |

टीप: उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित अन्य समस्त जानकारियाँ कार्यालय न.पं. पिपरिया के सूचना पटल एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्योमेन्ट बैंक पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर में देखा जा सकता है।

*-नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें*
*-स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।*
*** पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें.. ***

*मुख्य नगरपालिका अधिकारी*
*नगर पंचायत पिपरिया*



### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 64 दिनांक 23.05.2025**
**वार्ड माधव राव सप्रे वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 423 युआईडी 21708** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अविनाश बिल्डर्स / आनंद सिंघानिया से दर्ज है, श्री श्रीमती पूनम श्रीवास्ताव /संतोष कुमार श्रीवास्तव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **22-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**पत्र क्रं./21029/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025**
**रायपुर दिनांक : 23-05-2025**

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 21029**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652G00885** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GULAM RIYAJUDDIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAJI GULAM SHAHABUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AASMINA KHATUN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD SUYEB HUSAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**पत्र क्रं./21026/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025**
**रायपुर दिनांक : 23-05-2025**

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 21026**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652G00562** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ADITYA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AJAY KUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VASPALLI SHANT KUMARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VA SPALLI TATA RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**पत्र क्रं./21016/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025**
**रायपुर दिनांक : 23-05-2025**

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 21016**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F01155** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHEKHAR DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O MAHESH DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAYA BAI SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O PITAMBAR KUMAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# रामपुर समाधान शिविर में 4159 आवेदनों का निराकरण

### हितग्राहीमूलक योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभान्वित



**कोरबा (विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत गुरुवार को जनपद पंचायत करतला के ग्राम पंचायत रामपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जन समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को सीधे जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राज्यगीत के साथ हुआ, जिसमें जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष श्रीमती अशोक बाई कंवर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नोडल अधिकारी सरोज महिलांगे, तहसीलदार करतला राहुल पाण्डेय, ग्राम रामपुर की सरपंच श्रीमती सुलोचना विजय राठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिविर को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमती कंवर ने बताया कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं का शिविर स्थल पर ही त्वरित निराकरण प्राथमिकता से किया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सेतु बनाना है ताकि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह पंचायत के माध्यम से अथवा सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### शत प्रतिशत आवेदनों का हुआ निराकरण

शिविर में कुल 4159 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4115 मांग एवं 44 शिकायत आवेदन शामिल थे। जनपद पंचायत करतला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैभव कुमार कौशिक द्वारा शिविर में उपस्थित नागरिकों को सुशासन तिहार के सभी चरणों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रामपुर सेक्टर अंतर्गत 12 ग्राम पंचायतों से प्राप्त सभी आवेदनों का पूर्णतः समाधान किया गया, जिसकी जानकारी आमजन को संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा दी गई।

### हितग्राहीमूलक योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभान्वित एवं प्रमाण पत्र किए गए वितरित

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 04 हितग्राहियों को आवास की चाबियाँ सौंपी गईं। दो दिव्यांग हितग्राही खुंटाकुड़ा के नवीन और बेहरचुंवा की कमला पटेल को ट्रायसायकल, 22 हितग्राहियों को नए राशन कार्ड, 03 हितग्राही को श्रम कार्ड, एक हितग्राही को डेढ़ एचपी विद्युत पंप, एक हितग्राही को एक एचपी सबमर्शिबल पंप, दो हितग्राही को स्प्रेयर पंप, पांच हितग्राहियों को एटीएम कार्ड का वितरण किया गया।

आदिवासी सेवा सहकारिता विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को क्रमशः रूपये 30 हजार, 85 हजार, 60 हजार, 20 हजार, एक लाख 20 हजार और 85 हजार का चेक प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित करते हुए सरपंच एवं जनपद सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### पीएचसी गगनपल्ली में स्वास्थ्य कार्यकर्ता को नोटिस जारी



**सुकमा (विश्व परिवार)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव गुरुवार को कोंटा विकासखंड के दौरे पर निकले। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन हॉस्पिटल भवन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में साफ़सफाई के साथ ही बिजली पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने कहा। इसके पश्चात वे उप स्वास्थ्य केंद्र इंजरम पहुंचे। यहाँ पर उन्होंने हॉस्पिटल परिसर में फेंसिंग करने तथा शेड लगाने के निर्देश दिए। हॉस्पिटल में सोलर लाइट लगाने और एम्बुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात वे उपस्वास्थ्य केन्द्र एर्राबोर से होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गगनपल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने खिड़कियों को ठीक करने और पानी की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए।

## वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत सियान सदन में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 30 को

**कोरबा (विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्षन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केषरी के नेतृत्व में वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत 30 मई को सियान सदन कोरबा में वृहद स्वास्थ्य षिविर का आयोजन किया जायेगा। इस षिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों तथा पेंषनर्स का विषेषज्ञ चिकित्सकों (मेडिसिन, नेत्र, नाक, कान, गला रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग विषेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, मानसिक रोग विषेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सक) के द्वारा निःषुल्क परामर्ष एवं गुणवत्ता पूर्ण उपचार प्रदान किया जायेगा।

निःषुल्क दवाएं जायेगी तथा स्वस्थ्य जीवन शैला, व्यायाम, योग के संबंध में विषेषज्ञ सलाह दी जायेगी। आवष्यकता पड़ने पर सहायक उपकरण जैसे वाकर, स्टीक, हियरिंग एड, व्हील चेयर समाज कल्याण विभाग द्वारा वितरित किये जायेंगे इस स्वास्थ्य षिविर में वय वंदन कार्ड, आभा आईडी भी बनाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 01 मई से 31 मई तक राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत नगरपालिक निगम, पंचायत विभाग, समाज कल्याण विभाग, तथा आयुष विभाग के सहयोग सेजिले के शहरी तथा ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न तिथियों विभिन्न बिमारियों की स्क्रीनिंग हेतु षिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध व्यक्तियों का षत प्रतिषत स्क्रीनिंग कर बिमारियों या परेषानियों को चिन्हित कर उपचार तथा सहायक उपकरण प्रदान किया गया है। जांच में विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त मरीजों का निःषुल्क उपचार किया गया एवं उन्हें निःषुल्क दवाईयाँ दी गई।

## कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई, 10 दुकानों से वसूला गया जुर्माना

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर शहर में स्कूल परिसरों के निकट और सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री और धूम्रपान पर कार्रवाई की गई।औषधि विभाग, नगर निगम और सिरगिट्टी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तिफरा और न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में अभियान चलाया और 10 दुकानों से जुर्माना वसूला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रमोद तिवारी के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के दौरान डीपीएस, सेंट पॉल, डी के स्कूल और न्यू बस स्टैंड के पास मौजूद कुल 10 दुकानों पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 और 6 के उल्लंघन पर 750 रुपए का चालान किया गया। टीम ने तिफरा क्षेत्र की 5 दुकानों को हिदायत दी कि वे स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री बंद करें। कोटपा एक्ट की धारा 6 के अनुसार, किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज के भीतर तंबाकू या इससे जुड़े उत्पाद बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। वहीं न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेचने वाली 5 दुकानों को यह निर्देश दिया गया कि वे अपनी दुकानों पर साफतौर पर लिखें। यहाँ धूम्रपान निषेध है और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जाते, कोटपा एक्ट की धारा 4 के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करना कानूनन अपराध है। कार्रवाई टीम में औषधि निरीक्षक सुनील पंडा,नगर निगम हेल्थ इंस्पेक्टर धीरज,सिरगिट्टी थाना प्रभारी व स्टाफ शामिल रहे। प्रशासन ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोटपा एक्ट का उल्लंघन पाया गया तो सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायधानी में अपराध का सिलसिला जारी, देह व्यापार से लेकर करंट से दो मासूमों की मौत तक की घटनाएं आई सामने

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** न्यायधानी में अपराधों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को शहर में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाएं सामने आईं, जिससे लोगों में दहशत और चिंता का माहौल है।

### देह व्यापार में संलिप्त दो महिलाएं गिरफ्तार

सिविल लाइन थाना पुलिस ने बृहस्पति बाजार के पास कार्रवाई करते हुए देह व्यापार में लिप्त दो महिलाओं को पकड़ा है। आरोपी महिलाएं मगरपारा और तालापारा क्षेत्र की निवासी हैं। दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

गुंबर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल कम देने को लेकर हुए विवाद में पंप कर्मचारियों ने ग्राहक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित बाइक चालक ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

शहर के एक गुरुद्वारा में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की रकम से आरोपियों ने कार खरीदी थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कार और तीन तलवारें जब्त की हैं।

### छह लाख का गबन करने वाला ट्रांसपोर्ट मैनेजर गिरफ्तार

सीपत थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कंपनी के कैश लॉकर से छह लाख रुपए गबन किए थे।

### करंट से दो मासूमों की दर्दनाक मौत

बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम बरतोरी में गर्मी की छुट्टियां बिताने बड़ी मां के घर आए दो मासूम बच्चों की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चे कूलर चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आ गए। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बहाली के लिए प्रशासन को और सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

# नवापारा, गुरसिया और पोंड़ी में समाधान शिविर आयोजित

### नवापारा समाधान शिविर में शामिल हुए विधायक प्रेमचंद पटेल



**कोरबा (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण अन्तर्गत बुधवार को विकासखंड कटघोरा के ग्राम नवापारा, विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम गुरसिया और विकासखंड पाली के ग्राम पोंड़ी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदन और उनके निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने का आव्हान ग्रामीणों से की गई।

कटघोरा विकासखंड के ग्राम नवापारा में आयोजित समाधान शिविर में कटघोरा विधायक प्रेमचंद शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य लोक कल्याण एवं वंचित वर्गों का उत्थान करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन के समन्वय से जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है जोकि इस शिविर में स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।

### अनेक हितग्राही हुए लाभान्वित

नवापारा में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 17 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 09 जाबकार्ड, 03 हितग्राहियों को पेंशन आदेश, खेल विभाग द्वारा ग्रामीण बच्चों को 08 खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस शिविर में दो पंचायतों के सरपंच सचिवों को टी.बी.मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पांपलेट, ब्रोशर और जनमन पत्रिका का वितरण किया गया।

शिविर में जनपद पंचायत कटघोरा की अध्यक्ष श्रीमती झुलबाई कंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता राठौर, जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार यादव, सरपंच ग्राम पंचायत नवापारा ओमप्रकाश कंवर, ग्राम पंचायत श्रीमती सावित्री बाई बिंझवार, ग्राम पंचायत अखरापाली बरर्ना संह बिंझवार, ग्राम पंचायत छिंदपुर शकुंती प्रताप सिंह कंवर, ग्राम पंचायत रलिया विष्णु कुमार बिंझवार, ग्राम पंचायत भिलाईबाजार श्रीमती रजनी सिंह मरकाम एवं पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, पूर्व जनपद सदस्य दामोदर राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, सदस्य जनजाति कल्याण समिति रघुराज सिंह उईके, कार्यकर्ता मन्नु राठौर, दिनेश राठौर, रथलाल पाटले, समेलाल पाटले, मणीशंकर पाटले, तहसीलदार दीपका, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटघोरा संबंधित पंचायत क्षेत्र के सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पटवारी, सचिव, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। '

## संक्षिप्त समाचार

### रेल यात्रियों की बढ़ी परेशानियां, कई ट्रेनें रद्द

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों के लिए एक बुरी खबर है। स्श्वष्टक्रएक बार फिर से अपने कुछ ट्रेनों को रद्द करने जा रही है। दरअसल, झलवारा में नॉन इंटरलाकिंग का काम होना है, जिसके चलते 1 जून से 8 जून तक कुल 18 ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, दो ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। **रद्द ट्रेनों की लिस्ट :-** दिनांक 01 से 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर - भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03 से 09 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18235 भोपाल - बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 02 से 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर - अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03 से 08 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर - जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 02, 04 एवं 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11751 रीवा - चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03, 05 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी - रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 02 एवं 05 जून 2025 को गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ - रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 03 एवं 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 125356 रायपुर - लखनऊ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 03 एवं 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग - निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 04 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन - दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 01 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग - अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

### रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति की बैठक

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 23 मई को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला स्तर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित सामाजिक, चिकित्सीय एवं आपातकालीन सेवा कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी योजनाओं, विशेष स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान जागरूकता कार्यक्रमों तथा आपदा राहत से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श होगा। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण, और आमंत्रित विशेषजन उपस्थित रहेंगे। बैठक में रेडक्रॉस के सेवा कार्यों को अधिक प्रभावशाली एवं जन-संपर्क आधारित बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की जाने की संभावना है। सोसायटी के सचिव द्वारा सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### धूम्रपान निषेध कानून के तहत हुई चालानी कार्रवाई, 10 दुकानों पर जुर्माना

**सुकमा (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सुकमा जिले में कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत विशेष चालानी कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशानुसार यह कार्रवाई जिले में तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के उपयोग पर नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान रोकने के उद्देश्य से की गई।

बस स्टैंड के आसपास स्थित पान ठेले, चाय टपरी और किराना दुकानों पर निरीक्षण कर तंबाकू कानून के उल्लंघन पर कुल 10 चालान काटे गए और 1400 रुपए की चालानी राशि वसूल की गई। कार्रवाई का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. यामिनी (नोडल अधिकारी), श्री विनय ठाकुर (औषधि निरीक्षक) तथा पुलिस विभाग से सोड़ी हीरमा एवं आनंद चौड़ी द्वारा किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से दो धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई। धारा 04, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध और धारा 06(बी), 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध। स्वस्थ समाज की दिशा में एक कदम और जनता से अपील की गई कि तंबाकू सेवन से बचें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

### बंद कमरे में मिली मां और दो बच्चों की लाश, फैली सनसनी

**रायगढ़ (विश्व परिवार)।** जिले में मां और दो बच्चों की 5 दिन पुरानी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस घटना की जांच में जुटी है. पूरा मामला छाल थाना क्षेत्र के कीदा गांव का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कीदा में आज दोपहर सिदार मोहल्ले के एक घर से बदबू आने के बाद किसी अनहोनी घटना की आशंका को देखते हुए पड़ोसी मकान में पहुंचे. इस दौरान 35 वर्षीय सुकांति साहू और दोनों बच्चे युगल साहू 15 साल, प्राची साहू 12 साल का शव बिस्तर में पड़ा हुआ था।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर शनिवार 24 मई 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

### आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया.........

एक दूसरा तरीका यह है कि तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया है! ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान का साथ दिया, इसलिए उन दोनों देशों के प्रति भारत में स्वाभाविक गुस्सा भड़का है। इसे जताने के लिए दोनों देशों के बहिष्कार का अभियान जोर पकड़ गया है। भारतीय सैलानी वहां के लिए अपनी बुकिंग रद्द करवा रहे हैं। भारत सरकार ने भी तुर्किये के सोशल मीडिया हैंडल्स को देश में प्रतिबंधित करवा दिया है। लेकिन इस मुहिम के दौरान एक अजीब किस्म का विरोधाभास नजर आता है। पाकिस्तान का सबसे बड़ा मददगार कोई साबित हुआ है, तो वह चीन है। हालिया टकराव के समय भी उसने अपनी फौलादी दोस्ती निभाई और पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा के लिए अपना समर्थन जताया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्टों पर ध्यान दें, तो संकेत मिलता है कि चीनी हथियार पाकिस्तान के लिए बेहद सहायक साबित हुए। और इस समय जबकि पाकिस्तान से तनाव कायम है, चीन ने भारत से लगी पूर्वी सीमा को गरमाने की कोशिश की है। अरुणाचल प्रदेश पर उसने फिर अपना दावा जता दिया है। मगर चीन के बहिष्कार की बात कहीं गायब है। जबकि चीन का बहिष्कार अधिक आसान है। आखिर भारतीय बाजार चीन में बनी वस्तुओं से भरे पड़े हैं, जिनसे तुरंत तौबा की जा सकती है। बात इतनी ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी ने भी पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन किया। इसके सदस्य 57 देशों में यूएई और सऊदी अरब भी हैं, जिन्हें भारत का दोस्त बताया जाता है। उन सबके प्रति भी चुप्पी है। वैसे गुस्सा तो आजमाये हुए दोस्त रूस के प्रति भी होना चाहिए, जिसने इस मौके पर भारत का साथ नहीं दिया। उधर अमेरिका का ट्रंप प्रशासन अपने बयानों से लगातार भारत के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। तो अपेक्षित यह है कि इन सबके प्रति भी भारतवासी आक्रोश की भावना रखें। या फिर एक दूसरा तरीका यह है कि इन तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला हो गया है!

# अब चीन से आयात नियंत्रण जरूरी

**डा. जयंतीलाल भंडारी**



इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी। प्रधानमंत्री मोदी के स्थानीय आर्थिकी का समर्थन करने से स्वदेशी उत्पादों के साथ आगे बढ़ना होगा यकीनन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दिया। चीन ने न केवल पाकिस्तान को पूर्ण समर्थन दिया, वरन् चीन ने पाकिस्तान को मिसाइलों सहित विभिन्न हथियारों की सीधी आपूर्ति भी की। दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि चीन निर्मित जिन हथियारों का पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ प्रयोग किया, वे सभी हथियार जल, थल और नभ में मौजूद पराक्रमी भारतीय सेना और प्रभावी भारतीय सैन्य व्यवस्था को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने में नाकाम रहे। चीन अप्रत्यक्ष रूप से भारत को तेजी से आर्थिक शक्ति बनने से रोकना चाहता है। ऐसे में अब भारत के द्वारा पाकिस्तान पर आर्थिक प्रतिबंधों की कड़ाई के साथ भारत के साथ शत्रुपूर्ण आचरण कर रहे चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करके चीन को भी आर्थिक सबक दिया जाना जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं, चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढक़र 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढक़र 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। अब आतंकी देश पाकिस्तान को विश्व मंच पर खुला समर्थन दे रहे चीन के साथ कोई छह माह पूर्व भारत ने मित्रता की जिस राह को आगे बढ़ाया था, अब उस राह को रोकते हुए चीन के साथ कारोबार असंतुलन को कम करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाने जरूरी हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 31 अक्टूबर को खुशियों के महापर्व दीपावली के दिन भारत-चीन सीमा पर भारत-चीन दोनों देशों के सैनिकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली मनाई थी। इस खुशी का कारण यह था कि पिछले वर्ष 23 अक्टूबर को रूस के कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सार्थक और सफल द्विपक्षीय वार्ता हुई और पांच साल बाद हुई इस वार्ता में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया था। दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए समझौते का स्वागत किया और अधिकारियों को लद्दाख में सीमा विवाद सुलझाने के लिए आगे बातचीत जारी रखने के निर्देश दिए। यही कारण रहा कि इस वार्ता के बाद सैन्य स्तर पर तत्परतापूर्वक क्रियान्वयन के साथ डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों की पूर्ण वापसी के बाद से लगातार पेट्रोलिंग हो रही है। यद्यपि चीन से भारत के नए सैन्य समझौते के बाद भारत को चीन से आयातों के ढेर से बचने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रखना जरूरी दिखाई दे रहा थे, लेकिन भारत ऐसा नहीं कर पाया और चीन से आयात माह-प्रतिमाह बढ़ते गए हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि चीन पाकिस्तान को आतंकी प्रोत्साहन देते हुए भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिकी की राह में बाधक बनना चाहता है। चीन देख रहा है कि भारत आर्थिकी को तेजी से आगे बढ़ा रहा है और भारत अपनी बढ़ती आर्थिक साख व आर्थिक तेजी से इसी वर्ष 2025 में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिकी बनते हुए दिखाई देगा। 6 मई को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसी वर्ष 2025 के अंत तक भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। उस समय देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढक़र 4.187 ट्रिलियन डालर हो जाएगी और यह जापान की जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा होगी। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास की ऊंची दर से भारत की जीडीपी 2028 में बढक़र 5.584 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी और भारत जर्मनी को पीछे छोडक़र दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी तरह हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी ;कमद्धष् से एक पायदान ऊपर उठाकर ष्बीबीबीष् कर दिया है। रेटिंग प्रवृत्ति को भी 'सकारात्मक' से 'स्थिर' कर दिया गया है। इस रेटिंग एजेंसी ने उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और डिजिटलीकरण, राजकोषीय समेकन, व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ सतत उच्च विकास और एक लचीली बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से देश के संरचनात्मक सुधारों का हवाला दिया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। माह अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपए स्तर पर पहुंच गया, जो किसी महीने अभी तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। निश्चित रूप से भारत को आर्थिक रूप से आगे बढने से रोकने और भारत के साथ शत्रुपूर्ण व्यवहार कर रहे चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए सरकार के द्वारा और अधिक कारगर प्रयास करने होंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया है। अब एक बार फिर से देश के करोड़ों लोगों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढना होगा। हम उम्मीद करें कि भारत के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर प्रचंड प्रहार के दौरान पाकिस्तान के द्वारा जिस तरह चीन के अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग हुआ है, उसके मद्देनजर भारत के द्वारा अब पाकिस्तान को आर्थिक प्रतिबंधों से पस्त करते हुए चीन से भी हरसंभव तरीके से आयात नियंत्रण किए जाएंगे। निश्चित रूप से चीन के लिए भारत के व्यापक बाजार में आयातों में कमी एक आर्थिक प्रहार के रूप में दिखाई देगी और इससे भारत के स्वदेशी उद्योग तथा एमएसएमई लाभान्वित होते हुए भी दिखाई देंगे।

## आलेख

### अभियान सिन्दूर अधूरा है..

**इंजी. अरुण कुमार जैन**



आतंक गढों को ध्वस्त किया व सैन्य चौकियां मिटवा दीं,
मारे सैकड़ों आतंकी, जड़ें समूल उखड़वा दीं.
एयर बेस कर धूल धूसरित,
पापी का दम्भ मिटा डाला,
चीनी व तुर्की ताकत को,
तुमने परनाले में डाला.
सिन्दूर उजाड़ा दुश्मन ने, आँसू से आँखें भर डालीं,
अवसाद घना था, रोम रोम,
परछाई गम की थी काली.
सिन्दूर अभियान अधूरा है, उसको पूरा करना होगा,
दहशतगर्दी के पोषक जो,
उनका विनाश करना होगा.
उनकी कल के जो जो फल हैं, बहिष्कार करें उनका मिलकर,
कपड़े, मशीन,मोबाइल, फल, का त्याग करें हम सब मिलकर.
रंगीन खिलौने चमकीले,
ए.आई.या वह कुछ भी हों,
हैं निकृष्ट,त्याज्य व ज़हर भरे
चाहे अमृत के प्याले हों.
वन्दनीय अनुपम व श्रेष्ठ है,
हम सब को अपनी माता,
उसके उत्पादन विश्व वंद्य,
यश, प्रगति, सुखद कल के दाता.
बस भारतीय हों हर घर में,
त्याज्य सभी हो दुश्मन का,
पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, तुर्की, चीनी गठबंधन का.
ठप्प करो उत्पादन उनका,
अपना धन देना बंद करो,
डेढ़सौ करोड़ भारतवासी,
अब सब मिल स्वर बुलंद करो.
गिड़गिड़ाकर वे रोयेंगे,
औकात पता चल जायगी,
मोहताज हों कौड़ी कौड़ी को, सच्चाई समझ तब आएगी.
अभियान सफल तब ही होगा, जब ये सिंदूर संभालेंगे.
हर आंतकी को चुन चुन कर, ये सब गोली से मारेंगे.

### ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान का संगम

**सुश्री लक्ष्मी पुरी**

ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया है कि भारत वैधता नहीं चाहता है। देश न्याय चाहता है। भारतीय संयम को कभी भी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी कृत्य के प्रति भारत की जवाबी प्रतिक्रिया - ऑपरेशन सिंदूर, जो अभी भी जारी है ङ्क आतंकवाद-रोधी और सैन्य सिद्धांत तथा रुख में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। अपने जोशीले भाषण में, जिसकी गूंज पूरे भारत और दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में सुनायी दी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि सीमा-पार आतंकवाद के किसी भी कृत्य के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई की एक नई सामान्य स्थिति स्थापित की गई है। कोई भी देश, जो आतंकवादी अवसंरचना को पनाह देता है, उसे वित्तीय मदद देता है और उसका पोषण करता है, उसे अपने सैन्य बलों के साथ जोड़ता है और निर्दोष नागरिकों के खिलाफ क्रूर हमलों के लिए भारत को निशाना बनाता है, उसे त्वरित, दंडात्मक और प्रतिशोधी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। सोची-समझी सैन्य कार्रवाई से न केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बीच में भी आतंकवादी नेटवर्क ध्वस्त हो जाएंगे,

# भारत पाकिस्तान के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शशि थरूर और असुद्दीन उवैसी गुलाम नबी आजाद की भूमिका

**अजय दीक्षित**

कांग्रेस नेता और संयुक्त राष्ट्र संघ में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके, सांसद शशि थरूर और सांसद असाउद्दीन ओवैसी का रुख भारत, पाकिस्तान के मध्य वर्तमान तनाव के दौरान जो रहा है उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देशवासियों ने सराहा है उससे भारत के महान  ब विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था का सिर विश्व भर में ऊंचा हुआ है ।यह घटना देश के इतिहास में हमेशा याद रखी जाएगी और इसको पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई, मौलाना आजाद,की श्रेणी में रखी जाएगी। भारत सरकार ने शशि थरूर, और असुद्दीन उवैसी को उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है जो ब्रिटेन जापान स्पेन रूस, इटली ब्राजील ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, सऊदी अरब, कतर, यमन में जाकर भारतीय पक्ष को रखेगा और इन आयोजनों को भारत की संबंधित देश की काउंसलेट करेगी ।यह आयोजन भारत सरकार के मान्यता प्राप्त होंगे।

शायद उस मौके के बाद दूसरा मौका होगा जब विपक्ष के नेता भारत सरकार का पक्ष रखते हैं जैसा स्व अटल बिहारी वाजपेई ने 1992 में प्रधानमंत्री नरसिंह राव के समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रखा था। उल्लेखनीय है कि असाउद्दीन ओवैसी हैदराबाद से और शशि थरूर केरल से सांसद हैं। 7 मई 2025 को भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम की आतंकी घटना पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जैश हिजबुल के पाकिस्तान में ठिकानों पर कार्यवाही की थी और उसका समर्थन देश के दिग्गज नेता असुद्दीन उवैसी और कांग्रेस नेता शशि थरूर ने यह कह कर किया था कि भारत सरकार ने सक्षम कार्यवाही की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का समर्थन किया था। ए आई एम् एम के नेता असुद्दीन उवैसी ने कहा कि पाकिस्तान अंतराष्टीय भिखारी है और कोई भी मुसलमान या कुरान को मानने वाला यह नहीं कहता कि निर्दोषों को कत्ल किया जाए। इतना ही नहीं ओवैसी ने कहा कि भारत के मुस्लिम सुरक्षित हैं। दुनियां में सबसे ज्यादा मुसलमान भारत में ही हैं। और प्रगतिशील हैं। सांसद असाउद्दीन ओवैसी देश में भारतीय जनता पार्टी के मुखर विरोधी हैं लेकिन जब देश की बात आती है तो उन्होंने अपना रुख स्पष्ट किया ।कई मौकों पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीव्र आलोचना की है।

सांसद शशि थरूर का नाम कांग्रेस की ओर से नही आया बल्कि विदेशी मामलों के जानकार, संयुक्त राष्ट्र में दी गई सेवाओं की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आया है। शशि थरूर ने कहा कि पाकिस्तान को लेकर या किसी अन्य मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की नीति सही है। कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को शशि थरूर की बात गले नहीं उतर पाई है। बल्कि कांग्रेस ने कहा कि शशि थरूर लक्ष्मण रेखा पा र कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से शशि थरूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समन्वय ठीक है। उल्लेखनीय है कि भारत पाकिस्तान युद्ध या तनाव को लेकर और यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप को के सीज फायर के बयान को लेकर कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहती है  और सरकार इस मामले में बचना चाहती है ।इसी लिए उसने शरद पवार को भी तब्बजो दी है क्योंकि उन्होंने संसद का सत्र बुलाने की कांग्रेस की मांग पर अपनी अलग राय रखी।

इस समय भारत के सभी राजनीतिक दलों में इस भारत पाकिस्तान युद्ध को लेकर समीक्षा जारी है ।राहुल गांधी चाहते थे कि इंडिया ब्लॉक का रूख एक हो मगर बीजेडी, टीएमसी, वाईएसआर, सीपीएम सीपीआई, एआईडीएमके ने अपने राय ही नहीं बताई है।

कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, स्थानीय भावना और पर्यटन को केंद्र सरकार के साथ है क्योंकि कश्मीर में पहलगाम की घटना को कश्मीरियों के रोजगार के खिलाफ माना गया है इसी कारण वहां 36 वर्ष में पहलीबार पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन हुऐ हैं। उल्लेखनीय है कि कश्मीर में 05 अगस्त 2019 को संविधान की अनुच्छेद 370 विलोपित कर दी गई थी और कश्मीर को केंद्रीय क्षेत्र घोषित किया गया था तब वहां पर रोष जताया गया था लेकिन उसके पंचायत चुनाव, लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव में कश्मीरी आवाम ने जमकर मतदान किया और जो कश्मीरी आवाम ने अपने सरकार चुनी, उमर अब्दुला मुख्यमंत्री बने। कश्मीर में युवाओं को रोजगार मिला। रोजगार मिलने से शांति आई और केंद्र सरकार के खिलाफ गुस्सा कम हुआ। लेकिन लोग इसलिए खुश थे कि वर्ष भर में 29 लाख पर्यटक कश्मीर आए।

इसी कारण वहां जब 22 अप्रैल को पहलगाम बेसरन में 26 पर्यटकों की आतंकियों ने हत्या कर दी तो आम कश्मीरी आवाम को समझ में आया कि यह हमारे रोजगार पर भी हमला है।

# याद जरूर आएंगे किंग विराट कोहली

**सुरेश कुमार**

विराट कोहली का क्रिकेट के प्रति समर्पण, उनकी मेहनत और जुनून हर युवा खिलाड़ी के लिए मिसाल है। उन्होंने अपने खेल से न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व में नाम कमाया है। उनकी यात्रा हमें सिखाती है कि कठिनाइयों के बावजूद अगर हौसला मजबूत हो तो कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। आज जब वे टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं, तो करोड़ों प्रशंसक उन्हें दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं। आपको नमन भारत में नेशनल गेम हाकी है, परंतु इमोशनल गेम अस्सी और नब्बे के दशक से ही क्रिकेट है। यहां क्रिकेट खेल से कहीं अधिक एक धर्म, एक जुनून और एक सामूहिक पागलपन है। मैं भी बचपन से क्रिकेट प्रेमी रहा हूं। मेरे गृह प्रांत हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट का क्रेज नब्बे के दशक से ही चरम पर है। मेरे पैतृक कस्बे भरेड़ी के इर्द-गिर्द के लगभग हर छोटे-बड़े गांव की क्रिकेट टीम हुआ करती थी। क्रिकेट के प्रति दीवानगी ऐसी कि उन दिनों सीमित साधनों में ही हर आयु वर्ग के लोग या तो क्रिकेट खेलते थे या स्थानीय टूर्नामेंट से लेकर अंतरराष्ट्रीय मैचों तक के दर्शक थे। क्रिकेट और क्रिकेटर्स के बारे में जानकारी जुटाना हमारे सभी समकालीन लोगों का प्रिय शौक था। विश्व क्रिकेट पर विश्लेषण मजदूर वर्ग से लेकर ब्यूरोक्रेसी तक होता था। इंडियन क्रिकेट टीम की जीत पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल हो जाता था और वहीं मैच हारने पर राष्ट्रीय शोक। हमारी पीढ़ी के असंख्य युवाओं ने क्रिकेट के प्रति बेशुमार मोहब्बत के कारण अपने करियर को भी गंभीरता से नहीं लिया था। जेंटलमैन की इस गेम को क्लास से मास बनाने में कई खिलाडियों का अतुलनीय योगदान है- फोकलोर हीरोज सुनील गावस्कर, सर्वकालिक महान आलराउंडर कपिल देव, क्रिकेट के भगवान भारत रत्न सचिन तेंदुलकर, कैप्टन कूल किंवदंती महेंद्र सिंह धोनी और वर्तमान में किंग विराट कोहली का नाम इसमें सम्मिलित है। हमारी संस्कृति आदिकाल से अधिनायकवाद और नायक पूजा वाली रही है, इसलिए इंडियन क्रिकेट भी इससे अछूता नहीं रहा। उपरोक्त पांचों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में 'सुपरस्टार कल्चर' का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। भारतीय क्रिकेटर्स का संन्यास हमेशा ही सुर्खियों में रहता है। अभी हिटमैन रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा से क्रिकेट फैन निराश थे। परंतु अब किंग कोहली के संन्यास से विश्व क्रिकेट में एक युग का अंत हो गया। टेस्ट क्रिकेट में कोहली के दस हजार रन पूरे न करने की



टीस सभी के दिल में है। क्योंकि विराट कोहली में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में दस हजार रन स्कोर करके विश्व के चुनिंदा खिलाडियों के एलीट क्लब में आने की क्षमता थी। अब तक सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, कुमार संगकारा, रिकी पोंटिंग, महेला जयवर्धने, जैक कैलिस और राहुल द्रविड़ ही इस मील के पत्थर को अचीव कर चुके हैं। पूरा क्रिकेट जगत इस सूची में आने के लिए विराट कोहली की तरफ ललक भरी दृष्टि से देख रहा था। परंतु रिकॉर्ड पुरुष कोहली के संन्यास लेने से तमाम तरह की अटकलें समाप्त हो गईं। बावजूद इसके विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकते सितारों में से एक हैं। उनका जन्म 5 नवंबर 1988 को दिल्ली में हुआ था। बचपन से ही क्रिकेट के प्रति उनका जुनून साफ नजर आता था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत दिल्ली की टीम से की और जल्द ही अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया। विराट कोहली ने 2008 में अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतकर देश का नाम रोशन किया और यहीं से उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा शुरू हुई। विराट कोहली ने अगस्त 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने खुद को साबित किया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली और निरंतर रन बनाने की क्षमता ने उन्हें 'रन मशीन' बना दिया। कोहली ने वनडे, टेस्ट और टी-20, तीनों फॉर्मेट में कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। 2014 में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास के बाद विराट कोहली को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया। उनकी कप्तानी में भारत ने कई ऐतिहासिक जीत दर्ज कीं और टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया। कोहली की आक्रामक कप्तानी और प्रेरणादायक नेतृत्व ने टीम इंडिया को एक नई पहचान दी। उनके नेतृत्व में भारत ने 68 टेस्ट में से 40 में जीत दर्ज की, जो एक रिकॉर्ड है। विराट कोहली की बल्लेबाजी की बात करें तो उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 9230 रन बनाए और 7 दोहरे शतक जड़े, जो किसी भी भारतीय कप्तान के लिए सबसे ज्यादा है। वनडे क्रिकेट में भी उन्होंने सबसे तेज 8000, 10000 और 12000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनकी फिटनेस और अनुशासन की मिसाल आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। कोहली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें राजीव गांधी खेल रत्न, पद्म श्री, अर्जुन पुरस्कार और कई आईसीसी अवॉर्ड्स शामिल हैं। वे न सिर्फ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। विराट कोहली ने अपने फाउंडेशन के जरिए समाज सेवा में भी योगदान दिया है

# लक्ष्य तक पहुंचने के लिये गुरु का सानिध्य और उपदेश के साथ-साथ स्वयं का पुरुषार्थ और भाग्य होना भी जरूरी : मुनि श्री समतासागर जी महाराज

**श्री सम्मेदशिखर जी (विश्व परिवार)।** लक्ष्य तक पहुंचने के लिये गुरु का सानिध्य और गुरु का उपदेश के साथ-साथ स्वयं का पुरुषार्थ और भाग्य होना भी जरूरी है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने पावनधाम गुणायतन श्री सम्मेदशिखर जी में 1008 भगवान श्री पारसनाथ की विशाल प्रतिमा को विराजमान करते समय प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये।




मुनि श्री ने कहा कि गुरु बोल करके भी उपदेश देते है, गुरु मौन रहकर के भी उपदेश देते है, गुरु की मुद्रा, गुरु की चर्या उनका उठना बैठना भी अपने आप में उपदेश हुआ करता है। उन्होंने अमरकंटक में आचार्य गुरुदेव की चर्या का उदाहरण देते हुये कहा कि समाज के श्रैष्ठी वर्ग आचार्य श्री के कक्ष में समय के पहले पूजन करने पहुंच गये आचार्य श्री ने एक नजर देखा और घड़ी की ओर इशारा किया तो सभी समझ गये और कक्ष से वाहर निकल गये। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री की दिनचर्या समयवद्ध होती है, यदि आपने समय का उलंघन किया तो उन्होंने विना बोले ही उपदेश दे दिया उन्होंने कहा कि अनुशासन की परिभाषा ग्रंथों में समझ में आये अथवा न आये लेकिन गुरुवर अपनी चर्या के माध्यम से दे दिया करते थे।

प्रशासनिक सेवाओं में समाज के युवक युवतियों को आगे बड़ाने के लिये अनुशासन के साथ आगे बड़ाने में अपना योगदान दिया और देश भर की प्रतिभायें गुरूवर के मार्गदर्शन में आगे बड़ी तथा देश और दुनिया में शिक्षा तो बहूत बड़ी मिल रही थी लेकिन शिक्षा के साथ साथ संस्कार और सदाचार प्रतिभास्थली के माध्यम से बालिकाओं को मिल रही है ऐसा अन्यत्र कंही ओर देखने को नहीं मिलता यह आचार्य श्री की दूरदृष्टि और परिकल्पना ही थी कि यदि संस्कृति को शाकाहार तथा सदाचार से सुरक्षित रखना है, शिक्षिकाओं में सदाचार और संस्कार जरुरी है, और उन्होंने प्रतिभास्थली एवं हस्तकर्घा में लगे सभी ब्रह्मचारी बहनों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि आप लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करके चाहती तो लाखों रुपये कमा सकती थी लेकिन आप सभी ने गुरुदेव की आज्ञा को माना और सभी बहनें पूर्ण समर्पण के साथ इस कार्य में तथा हस्तकर्घा में लग कर अहिंसात्मक वस्त्रों के निर्माण में तथा दूसरों को भी अजीविका का साधन उपलव्ध करा करअहिंसाधर्म का प्रचार प्रसार कर गुरुदेव के उद्देश्यों को आगे बड़ाने में अपना योगदान दे रही है।

इस अवसर पर मुनि श्री पवित्र सागर, मुनि श्री अतुल सागर मुनि श्री आदिसागर महाराज विराजमान थे तो दूसरी और से मंच पर विराजमान आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महाराज की प्रथम आर्यिका गुरुमति माताजी ने कहा कि साधना की कींमत है, साधनों की कोई कींमत नहीं गांव गांव और पांव पांव चलकर 42 वर्ष पश्चात इस सम्मैदशिखर की पवित्र भूमी परआ ही गये उन्होंने इसका श्रैय आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज और अभिनव आचार्य श्री समयसागर जी के आशीर्वाद को देते हुये कहा कि कुंडलपुर से भोपाल चातुर्मास और वंहा से गुरुदेव की अंतिम साधना स्थली चंद्रगिरी पर पहुंचे आचार्य श्री का आशीर्वाद था और उन्हीं की आज्ञा से जंहा हमारे पास एक कदम उठाने की भी सामर्थ नहीं थी वंहा पर न जाने कितने कदम उठ गये और हम भगवान पारसनाथ की शरण में आ ही गये उन्होंने कहा कि 42 वर्ष पूर्व ब्रह्मचारी अवस्था में आचार्य श्री के साथ बंदना की थी उन्होंने कहा कि गुणायतन में बहूत अच्छा लग रहा है यह शास्वत सिद्ध भूमी है यंहा साधना की कींमत है साधनों की कोई कींमत नहींजिस उद्देश्य को लेकर के सिद्ध भूमी पर आये है उन भावों के साथ सिद्धक्षेत्र की बंदना करना चाहिये ऊपर पर्वत पर लिखा था कि धीरे धीरे भावों के साथ वंदना करो पूर्ण होगी और धीरे धीरे चलकर आये है और धीरे धीरे ही सही बंदना पूर्ण हो रही है यंहा पर आकर विषयों की ओर तो दृष्टि जाना ही नहीं नहीं चाहिये। इस अवसर पर आर्यिकारत्न दृणमति माताजी सहित संघस्थ सभी 45 आर्यिका मंचासीन थी। मंच पर ऐलक श्री निश्चय सागर ऐलक निजानंद सागर क्षु. संयम सागर विराजमान थे।

कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया कर रहे थे मुनिसंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी तथा गुणायतन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र जैन छावड़ा ने बताया प्रात:काल मंत्रोच्चारण के साथ सभी मांगलिक क्रियाओं के साथ मूलनायक भगवान श्री पारसनाथ को नव निर्मित वेदी पर विराजमान किया गया तथा सभी मुख्यपात्रों ने अभिषेक तथा मुनि श्री के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय समाज तथा उनके पदाधिकारियों ने तथा गुणायतन परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। **-अविनाश जैन**

# ज्ञानमती माताजी यानी देश की नंबर वन सबसे ज्ञानी आर्यिका : मुनी श्री सारस्वत सागर जी महाराज



**नांद्र/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)।** पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी के परम प्रभावी शिष्य सारस्वत सागर जी महाराज, जयंत सागर जी महाराज, सिद्ध सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्रुत सागर महाराज जी का मागितुंगी में 25 मई को मंगल प्रवेश होनेवाला हैं। श्रमण मुनी श्री सारस्वत सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि ज्ञानमती माताजी यानी देश कि नंबर वन सबसे ज्ञानी आर्यिका है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान जी ने युग की आदि में जीवन जीने की कला सिखाया।गुरुआज्ञा का पालन करते हुये पूज्य आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी जो कि प्रथम बालब्रह्मचारिणी, इन्होंने आर्यिका परम्परा को जीवन्त किया।

108 फुट ऊंची जैन तीर्थंकर की मूर्ति गिनीज बुक में शामिल- जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की 108 फुट ऊंची प्रतिमा को 'गिनीज वर्ल्ड रिकार्डस' में सबसे विशाल जैन प्रतिमा के रूप में शामिल किया गया है। इस प्रतिमा को एक ही पत्थर को तराशकर बनाया गया है। गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जहाँ उन्होंने सम्पूर्ण भारत की पदयात्रा कर शताधिक आत्माओं में वैराग्य की ज्योति जगाई है, वहीं हस्तिनापुर में दिगंबर जैन त्रिलोक शोध संस्थान के प्रबंधकों को प्रेरणा देकर जम्बूद्वीप की प्रतिकृति के रूप में न केवल जैन समाज अपितु सम्पूर्ण विश्व को एक अद्वितीय उपहार दिया है। खुले आकाश के नीचे वलयाकार लवण समुद्र से वेष्ठित 101 फीट उत्तुंग सुमेरु के चारों ओर बनी जम्बूद्वीप की भव्य रचना को देखकर तिलोयपण्णत्ति, जम्बूद्वीवपण्णत्तिसंगहो में निहित भूगोल विषयक सामग्री को सहज ही हृदयंगम किया जा सकता है। वर्तमान में 'जम्बूद्वीप' के नाम से विख्यात इस परिसर में स्थित कमलमंदिर, ध्यान मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर, सहस्त्रकूट जिनालय, मंदिर, भगवान वासुपूज्य मंदिर, तेरहद्वीप जिनालय, जम्बूद्वीप पुस्तकालय, विस्तृत उद्यान समग्र रूप से इसकी शोभा में अभिवृद्धि करते हैं। नांद्रे नगरी का परम सौभाग्य हैं की, सन 2025 के पावन वर्षायोग के लिए अध्यात्म योगी, चर्या शिरोमणी, पट्टाचार्य श्री 108 श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण मुनी श्री सारस्वत सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री जयंत सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री सिद्ध सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्रुत सागर महाराज जी का विहार इंदौर (मध्य प्रदेश) से नांद्रे (महाराष्ट्र) के लिए 10 मई से प्रारंभ हुआ है। 800 किलोमिटर की दुरी चलकर मुनीराज इंदौर से नांद्रे को पधारेंगे। अभी 500 कि. मी विहार शेष है। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत बीएनबी स्कूल परिसर में सड़क सुरक्षा सम्मेलन का हुआ आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिला रायपुर में हो रहे लगातार सड़क दुर्घटना के घटनाओ को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा जिले में लोगो को जागरूक करने के साथ ही साथ यातायात के नियमो का पालन करने के लिये प्रेरित करने एवं जानकारी के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित करने के लिये दिये गये निर्देश के परिपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र के मालवाहक वाहनो के मालिको को बड़ी संख्या में सूचीबध्द करते हुए बुलाया गया, एवं आसपास के ग्रामीणों को उक्त सम्मेलन में लगभग 900-1000 लोग शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायल को त्वरित इलाज हेतु गोल्डन ऑवर के भीतर हॉस्पिटल ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना, सभी मालवाहक वाहनो के स्वामी को किसी भी परिस्थिति में सवारी नही बैठाने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर लोडिंग व ओव्हर स्पीड वाहन नही चलाने की हिदायत दिया तथा भविष्य में इन नियमो के उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं बी.एन.एस. के विभिन्न धाराओ के तहत् कड़ी कार्यवाही करने के बात की बताई। अपने संबोधन में उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने मालवाहक से संबंधित कानूनी प्रावधानो की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क मार्ग से यात्रा करने के दौरान अपनाये जाने वाली सुरक्षा उपायों और सावधानियों के बारे में बताया।नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा विरेन्द्र चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा सत्येन्द्र सिंह श्याम ने लोगो को संबोधित किया साथ ही जन प्रतिनिधि नगरपालिका अध्यक्ष महोदया श्रीमती चन्द्रकला वर्मा के द्वारा अपने विचार में इस यातायात जागरूकता को अपने तक सीमित न रखकर गांव गांव में प्रचार-प्रसार करे, अन्य श्रोतागणों में ओमप्रकाश मिश्रा (बैकुण्ठ), सोनू पंजवानी (तिल्दा), मोहम्मद मिर्जा (अडानी पावर प्लांट रायखेडा) ने अपने विचार व्यक्त किये।




# सी.आर. को पारदर्शिता निष्पक्षता लाने शासन को लिखा पत्र

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ ने कार्यमूल्यांकन (सी.आर.) में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लाने मिशन संचालक एवं समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखा गया हैं, संघ ने शासन को ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन किया है की किसी भी एनएचएम कर्मचारियों का कार्य मूल्यांकन केवल कार्य निष्पादन, जवाबदेही एवं निर्धारित दायित्वों निर्वहन के आधार पर किया जाना चाहिए, न की किसी प्रकार की व्यक्ति पसंद-नापसंद, पूर्वाग्रह या दुर्भावना पूर्ण विचारधारा के आधार पर, संघ ने कहाँ है की यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पुर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वस्तुनिष्ठ हो, ताकि कर्मियों के विभागीय कार्य के प्रति विश्वास एवं प्रेरणा बनी रहें, पूर्व में कई बार देखा गया हैं की, यह वस्तुनिष्ठ ना होकर व्यक्ति निष्ठ हो जाता हैं, कर्मचारियों ने कहाँ हैं की किसी कम दक्षता की स्थिति में मानव संसाधन नीति में कुशलता बढ़ाने हेतु अन्य उपाय भी उल्लेखित हैं, प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 26 कर्मचारियों का जाने जा चूका हैं अनुकम्पा का भी सुविधा नहीं, परिवार पर आर्थिक समस्या हमेशा बनी रहती हैं, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने निवेदन करते हुए मिशन संचालक एवं सीएमएचओ को संरक्षक के भूमिका निभाने का आग्रह भी किया हैं, जिसमें कोई भी कर्मचारी अन्याय या पक्षपात का शिकार न हो तथा उन्हें अपने कार्यों के अनुरूप यथोचित अवसर मार्गदर्शन एवं समर्थन प्राप्त हो, आपका यह दृष्टी कोन न केवल विभागीय कार्य प्रणाली को मजबूत करेगा बल्कि एनएचएम की सेवा गुणवत्ता को भी सुदृढ बनाएगा उपरोक्त वर्णित कारको के आधार पर मूल्यांकन करने का आग्रह किया गया हैं।

# राजनांदगांव में GST अधिकारी के साथ आयोजित हुई छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यशाला



### ITSA हॉस्पिटल के उद्घाटन में शामिल हुए चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 23/05/2025 को पुराना रेस्ट हाउस, स्टेशन रोड, राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, राजनांदगांव इकाई की तस्ज्ञ अधिकारी के साथ जीएसटी संबंधी कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें चेंबर के वरिष्ठ सदस्य श्री खूबचंद पारख जी, इकाई अध्यक्ष कमलेश बैद जी, उपाध्यक्ष आलोक बिंदल जी, मंत्री तरुण लहरवानी जी, भीमन धनवानी जी समेत अनेकों पदाधिकारी और व्यापारीगण शामिल हुए।

इसके अलावा रायपुर के सड्डू में नवनिर्मित निजी अस्पताल ढ्ढञ्जस्न के उद्घाटन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी जी शामिल हुए।इस दौरान उन्होंने अस्पताल की शुरुआत पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि 350 बिस्तरों वाला यह नवनिर्मित अत्याधुनिक अस्पताल अच्छी सुविधाओं के साथ मरीजों को सेवाएं प्रदान करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

अस्पताल के सभी विभागों में मरीजों के अनुकूल वातावरण और सहूलियत का विशेष ध्यान रखा गया है, खासकर अस्पताल का पीडियाट्रिक विभाग (बच्चों का विभाग) अत्यन्त सुविधायुक्त निर्मित किया गया है जिससे एक अनुकूल वातावरण में अच्छी सुविधाओं के साथ बच्चों का बेहतर उपचार हो सके।

अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं सराहनीय है, मुझे विश्वास है कि यह अस्पताल छत्तीसगढ़ के साथ पूर्वी मध्यप्रदेश और पश्चिमी ओड़िशा के लोगों के लिए भी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का नया केंद्र बनेगा तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष के साथ सदस्य श्री सरल मोदी जी, कोषाध्यक्ष श्री निकेश बरडिया जी और श्री राज कुमार तारवानी जी उपस्थित रहे।

# ऑब्ज़र्वर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने यूपीएससी परीक्षा के संबंध में ली बैठक




### केवल काले कलर की बॉल पेन ही उपयोग कर सकेंगे अभ्यर्थी

### पहली पाली में सुबह 9 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे एंट्री बंद होगी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में 25 मई को आयोजित होने वाली यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा की तैयारियों को लेकर परिवहन अधिकारी सह पर्यवेक्षक तथा केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान आब्जर्वर डॉ. प्रियंका शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर श्री नवीन कुमार ठाकुर सहायक कोऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा कंट्रोल रूम प्रभारी श्री केदारनाथ पटेल उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए उपस्थित सभी अधिकारी और प्राचार्यों को कड़े दिशा-निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

डॉ. सिंह ने कहा कि यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा में अभ्यर्थी केवल काले कलर की बॉल पाइंट पेन का उपयोग कर सकते हैं। किसी भी अन्य कलर की पेन अथवा काले कलर की जेल पेन का उपयोग सर्वथा वर्जित हैं। परीक्षा की पहली पाली में सुबह 9 बजे एवं दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे परीक्षा केंद्र की एंट्री बंद हो जाएगी, जिसके बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि दोनों पालियों में परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले केंद्र पहुंच जाएं। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए स्पष्ट निर्देश दिए है कि परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परीधि में कोई भी ध्वनि प्रदूषण न करें एवं किसी भी तरीके से परीक्षा के आयोजन को बाधित करने की कोशिश न करें अन्यथा उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि परीक्षा हॉल में अभ्यर्थी केवल पारदर्शी पानी बॉटल लाएं, उस पर किसी भी प्रकार का स्टीकर नहीं होना चाहिए। परीक्षा हॉल में डिजिटल वॉच, मोबाइल फोन, आईटी गैजेट्स, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, किसी भी प्रकार संचार उपकरण अथवा बैग या पर्स ले जाने की अनुमति नहीं है, इस पर विशेष ध्यान दें।

# अनशन पर बैठे छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित अन्य लोगों से आयुक्त ने उनकी मांगो पर की चर्चा, अनशन समाप्त

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** नगर निगम राजनांदगांव के कर्मचारियो को समय पर वेतन, भविष्य निधि की राशि नियमित जमा करने के अलावा आम जनता को समुचित पेयजल, साफ सफाई एवं अन्य मूलभूत समस्या को लेकर छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री प्रेमनारायण वर्मा अपने साथियों के साथ अनशन पर बैठे थे, जिनसे आज नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने उनकी मागों पर चर्चा की। चर्चा उपरांत श्री वर्मा का अनशन समाप्त हुआ।



उल्लेखनीय है कि श्री प्रेमनारायण वर्मा अपने साथियो के साथ निगम कर्मचारियो के वेतन, भविष्य निधि, सेवानिवृत्त कर्मचारियो का राशि भुगतान के अलावा शहर में समुचित साफ सफाई, दवा छिडकाव, कुॅआ सफाई सहित अन्य मूलभूत समस्याओ को लेकर अनशन पर बैठे थे। अनशन पर बैठे श्री वर्मा सहित जल विभाग के कर्मचारी से कल शाम महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के साथ जाकर हडताल के संबंध में चर्चा किए। उन्होंने कहा कि पूर्व में सभी विषयों में चर्चा हुई थी, कुॅआ सफाई के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है, एक सप्ताह के अंदर सफाई चालू हो जायेगी। साफ सफाई के संबंध में प्रतिदिन मानिटरिंग कर दिशा निर्देश दिया जा रहा है। सभी विषयों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

आज निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा एवं अधिकारियों के साथ अनशन स्थल पहुच उनसे चर्चा किये। चर्चा उपरांत आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कर्मचारियों का अप्रैल तक नियमित वेतन दिया जा रहा है, अधिकारियों का वेतन देना प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार प्लेसमेंट कर्मचारियों का लंबित वेतन भी दिया जा रहा है, जिसकी अवधि में कमी हुई है तथा प्लेसमेंट एजेन्सी को ई.पी.एफ. जमा करने नोटिस दिया गया है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान भी प्राथमिकता तय कर किया जा रहा है।

# मेयर अलका बाघमार पहुँची सुशासन शिविर में कमिश्नर के साथ किया ड्राइविंग लायसेंस, मजदूर कार्ड का वितरण

### सुशासन तिहार में 486 आवेदनों का किया गया निराकरण

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुशासन तिहार के तीसरे चरण में महापौर अल्का बाघमार शुक्रवार को आदित्य नगर, कुशाभाऊ ठाकरे भवन शिविर में पहुंची। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोक कर्म प्रभारी अलका बाघमार के साथ शिविर में लगें विभिन्न विभागों के स्टाल में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों सहित निराकरण आवेदनों की जानकारी ली।




इस दौरान शिविर तुरंत ड्राइविंग लाइसेंस, मजदूर कार्ड वितरण मेयर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर और पार्षदो के बीच हितग्राहियों को किया गया। शिविर में 488 आवेदनों मांग 396 शिकायत 93 शेष 02 आवेदनों का 486 का निराकरण किया गया।आज के शिविर में प्राप्त आवेदन 827 ज्यादातर शिविर में सबसे ज्यादा पट्टा के आवेदन मिले है।

मेयर अलका बाघमार ने कहा कि आदित्य नगर कुशाभाऊ ठाकरे में आज शिविर में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में सहभागिता कर जनता की समस्याओं का निराकरण किया गया।इस दौरान दो गर्भवती महिलाओं को गोद भराई व 1 नवजात शिशुओं का अन्नप्रासन संस्कार किया।शिविर स्थल पर 25 से अधिक किशोरी बालिकाओं का एचबी टेस्ट एवं उनको सेनेटरी पैड वितरण किया गया।इस अवसर पर शिविर में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद सावित्री दमाहे, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजम, ललिता ठाकुर, सरस निर्मलकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, आरके जैन, गिरीश दीवान व अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

# यूपीएससी में 95वी रैंक पाकर श्रुति जैन बनी भारतीय वन सेवा अधिकारी

**पथरिया (विश्व परिवार)।** कहते है मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। कुछ ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है दमोह जिले का पथरिया नगर के किराना व्यापारी दिनेश जैन पारले की बेटी श्रुति जैन ने। जिन्होंने भारतीय वन सेवा (आईएफएस ) यूपीएससी में 95 वी रैंक पाकर गुरुजन, परिवार, नगर, जैन समाज का नाम रोशन किया।

श्रुति जैन के परिवार में माता-पिता दिनेश-संध्या जैन भाई संभव हैं। आपकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा पांच तक पथरिया में हुई। पढ़ने में अत्यधिक रुचि होने के कारण श्रुति का नवोदय विद्यालय हटा में चयन हो गया और बारहवीं तक अध्ययन कर भोपाल के कॉलेज एन आई टी भोपाल इंजीनियरिंग से स्नातक तक पढ़ाई की, फिर कुछ बड़ा करने की ललक के सिविल सर्विस की तैयारी प्रारंभ कर दी जिसके लिए उनका चयन जैन समाज की बड़ी संस्था जीतो संस्थान जयपुर और दिल्ली में 3 वर्ष तक पूरी शिद्दत से यूपीएससी में चयन होनी की कसम खा ली। फिर क्या था लक्ष्य की प्राप्ति मई 2025 में पूर्ण हो गई। श्रुति नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर तक बास्केट बाल खेलने गई। श्रुति अपनी सफलता का श्रेय परम पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज ससंघ, अपने माता-पिता और गुरुजनों को देती है। साथ ही वन एवं पर्यावरण, वन्यजीवों के संरक्षण में यथा संभव प्रयास करने की प्राथमिकता व्यक्त की।



श्रुति की इस उपलब्धि पर सुरेश जैन आईएएस भोपाल अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (रेशंदीगिरि) नैनागिरि ट्रस्ट कमेटी, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी मध्यांचल के अध्यक्ष डी के जैन इंदौर व कार्यकारी अध्यक्ष व बुन्देलखण्ड के प्रभारी सन्तोष कुमार जैन घड़ी सागर तथा मध्यांचल कमेटी के प्रचार प्रमुख व श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र रेशंदीगिरि नैनागिरि ट्रस्ट कमेटी के मंत्री तथा श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि के उपाध्यक्ष राजेश जैन रागी (वरिष्ठ पत्रकार) बकस्वाहा, एडवोकेट अरविन्द रवि सागर, नैनागिरि व विरागोदय कमेटी के ऋषभ कुमार जैन, कवीस सिंघई, अमृत लाल सचिव, रोहित जैन, जिनेश जैन, मनीषा, पथरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## संक्षिप्त समाचार

### दयालदास बघेल का गरियाबंद दौरा आज, सुशासन तिहार और नई क्रांति कार्यक्रम में लेंगे भाग

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल आज गरियाबंद जिले के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 11:30 बजे रायपुर स्थित अपने निवास से सड़क मार्ग द्वारा ग्राम घरौंदा के लिए प्रस्थान करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंत्री बघेल दोपहर 1:00 बजे राजिम होते हुए ग्राम घरौदा पहुंचेंगे, जहां वे सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों से संवाद कर शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे और उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:15 बजे वे चरौदा से गरियाबंद के लिए रवाना होंगे और शाम 4:00 बजे जिला पंचायत कार्यालय गरियाबंद पहुंचकर 'रजिस्ट्री में 10 नई क्रांति' कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 6:00 बजे मंत्री रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और 7:30 बजे रायपुर निवास पहुंचेंगे।

### कलेक्टर ने किया दरभा विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने गुरुवार को दरभा विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पखनार, नेगानार, कलेपाल, छिन्दावाडा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र में ओपीडी की स्थिति, मरीजों को दी जा रही उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता का संज्ञान लिया। उन्होंने पखनार स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के विकास कार्य को गति देने के लिए निविदाकर को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन भी उपस्थित रहे । कलेक्टर श्री हरिस और सीईओ श्री प्रतीक जैन गुरुवार को पखनार में आयोजित समाधान शिविर कार्यक्रम में शामिल होने दरभा विकासखंड पहुंचे थे ।

### अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में दावा आपत्ति 31 मई तक

**मुंगेली (विश्व परिवार)।** शिक्षा विभाग अंतर्गत मृत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है। अनुकंपा नियुक्ति के लिए महेश कुमार जायसवाल पिता स्वर्गीय मनोहर लाल जायसवाल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला कंसरी लोरमी, सौरभ ज्ञानिक माता स्वर्गीय श्रीमती संध्या वासनिक प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला को कुटेलीपारा मुंगेली, अविनाश कुमार वाद्यकर पिता स्वर्गीय धन्नूलाल वाद्यकार शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व शाला खाम्ही कुर्मी मुंगेली, आशुतोष कुमार कसेर पिता स्वर्गीय राजेंद्र कुमार कसेर सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला पकरिया, श्रीमती राजकुमारी पटेल पति स्वर्गीय ईश्वर कुमार पटेल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला केशरुवाडीह ने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन सभी आवेदनों एवं अभिलेखों का परीक्षण कर लिया गया है। इनकी अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या दावेदार की कोई भी दावा-आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुंगेली में प्रमाण सहित दावा आपत्ति या अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

## समाधान शिविर में जनसमस्याओं का समाधान, 1275.98 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन – विधायक विनायक गोयल

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** लोहण्डीगुड़ा मण्डल अंतर्गत ग्राम पंचायत आंजर में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष रखा, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल द्वारा कुल 1275.98 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। प्रमुख कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

**लोहण्डीगुड़ा में 100 सीटर नवीन आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य**– मारडूम से करलाकोन्टा तक मार्ग निर्माण (लंबाई 7.81 कि.मी.)




मटनार से तामड़ाघूमर मार्ग निर्माण कार्य (लंबाई 3.60 कि.मी.)

विधायक श्री विनायक गोयल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाएं सुलभ हों और विकास की रोशनी अंतिम छोर तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएंगे। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल जी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप जी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पदमा कश्यप जी, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल जी, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर जी, जिला मंत्री बाबुल नाग जी, तुलु राम कश्यप, भोजाराम मौर्य, ओमप्रकाश ठाकुर, बलीराम बघेल, पिलुराम बघेल, सीताराम कश्यप, सावेन्द्र सेठिया, शिवनंदन पेगड़, मोतीलाल कश्यप, डोमुराम कश्यप, निरंजन बघेल, चंद्रशेखर ठाकुर, सुदरू सेठिया, धनसिंह ठाकुर, एवं प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गरियाबंद पुलिस की तत्परता से चमत्कारिक उपचार के नाम पर युवती की मौत मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में गरियाबंद जिले के थाना राजिम अंतर्गत सुरसाबांधा गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती की चमत्कारिक उपचार के दौरान हुई संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायपुर निवासी सुनिता सोनवानी ने थाना राजिम में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ पुत्री का इलाज सुरसाबांधा निवासी ईश्वरी साहू के पास पूजापाठ और चमत्कारी उपचार के माध्यम से करवाया जा रहा था।

आरोप के मुताबिक, ईश्वरी साहू युवती को अपने घर पर रखती थी और इलाज के बहाने उस पर चमत्कारी तेल, गर्म पानी का प्रयोग करती थी तथा अपने पैरों से युवती के सीने को



मसलती थी। साथ ही, उसे डरा-धमकाकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए बाध्य करने का प्रयास भी किया गया।

उपचार के दौरान युवती की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त की, जिसमें पसलियों की हड्डी टूटने एवं दबाव के कारण मृत्यु की पुष्टि हुई। इसके आधार पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2006 की धारा 4, औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम 1954 की धारा 7, तथा बीएनएस एक्ट की धारा 105 जोड़ते हुए मामला दर्ज किया।

पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गरियाबंद पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी का विवरण:

नाम: ईश्वरी साहू

पति का नाम: सेवक राम साहू

उम्र: 41 वर्ष

निवासी: सुरसाबांधा, थाना राजिम, जिला गरियाबंद

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय दीपका में ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित

### जहां बच्चे यादें बनाते हैं और यादें बच्चों को बनाती हैं

**कोरबा ( विश्व परिवार )।** पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजीध्हिंदी माध्यम विद्यालय दीपका में ग्रीष्म कालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ाने के साथ ही छात्र-छात्राओं के शारीरिक मानसिक विकास के लिए 13 मई से समर कैंप के तहत विद्यालय में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक सत्र का संचालन किया गया।

कैंप 13 मई से प्रारंभ हो 22 मई तक सुचारू रूप से चला। बच्चों ने अलग - अलग गतिविधियां की और इस प्रकार उनका रचनात्मक एवं सृजनात्मक विकास हो पाया। दिनांक 22-05-2025 दिन गुरुवार को प्राचार्या एवं संकुल नोडल अधिकारी मति आशालता कौशिक मैडम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शर्मा, शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष मनोज दुबे, मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति एवं वरिष्ठ व्याख्याता विनय कुमार के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर समर कैंप प्रारंभ किया गया। मंच संचालन व्याख्याता मती नेहा स्वरूप के द्वारा किया गया।

कैंप में बच्चों को बुके बनाना, हैंड मेड चिप्स, कुरकुरे बनाना, कपड़े में तुरपाई करना एवं बच्चों द्वारा स्वयं रचित कविताओं को लिखने के माध्यम से लेखन कौशल की कला को विकसित करना एवं कुर्सी दौड़ आदि खेलो के माध्यम से बच्चों को खेलो के महत्व को बताया गया। विभिन्न गतिविधियों में जीते हुए प्रतिभागियों को सम्माननीय अतिथिगणों एवं प्राचार्या के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इसी पुरस्कार की कड़ी में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र अर्जुन चंद्रा जो कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार में कलारी लॉन्ग स्टाफफाइट इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किए है, को बुके देकर एवं मेडल पहना कर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई।

## धमतरी जिले में परेड के साथ प्रशिक्षण में इस बार कराया गया योग परेड

**धमतरी ( विश्व परिवार )।** रक्षित केंद्र धमतरी में आयोजित योग शिविर में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास सभी पुलिस जवानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए,योग शिविर का किया गया था आयोजन पुलिस जवानों को हर बार नया प्रयोग कर,कुछ नया सिखाने का किया जा रहा है हर संभव प्रयास कलेक्टर धमतरी अबिनाश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार के उपस्थिति में आज रक्षित केंद्र धमतरी में में आयोजित योग शिविर में डॉ.हीरा महावर एवं उनकी धर्मपत्नी मती जया महावर द्वारा आज योगाभ्यास एवं प्रणायाम कराया। जिसमें मती जया महावर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवानों को योग के अलग -अलग आसनों के बारे में बताया गया एवं योग क्रिया का प्रदर्शन कर उनके द्वारा योगा से होने वाले फायदे के बारे में भी बताया गया।

## सुरक्षित मातृत्व की ओर एक ठोस कदमः गर्भवती महिलाओं को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य लाभ

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से गरियाबंद जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व विशेष अभियान (क्क्स्क्र) का आयोजन 24 मई को किया जा रहा है। इस अभियान की अगुवाई जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु कर रही हैं, जिन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं से इस स्वर्णिम अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

यह विशेष अभियान गर्भवती महिलाओं के लिए एक वरदान साबित हो रहा है, जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, विशेषज्ञ परामर्श, और समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। डॉ. यदु




ने बताया कि सही समय पर जोखिम का पता लगाकर उपचार शुरू करने से मातृ और शिशु मृत्यु दर को प्रभावशाली रूप से कम किया जा सकता है।

**हर माह की 9 और 24 तारीख को विशेष दिवस**– प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हर महीने की 9 और 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में जिला, सिविल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, आवश्यक परीक्षण, पोषण परामर्श, और विशेष चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

**गांव-गांव तक पहुंचेगा संदेश**– जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर इस योजना का प्रचार-प्रसार ग्राम स्तर तक सुनिश्चित कर रहे हैं। मितानिनें, आरएचओ, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को अभियान की जानकारी दे रहे हैं, ताकि हर महिला इस योजना से जुड़ सके।

**सुरक्षित मातृत्व, हर महिला का अधिकार - डॉ. गार्गी यदु :** सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि जिले की कोई भी गर्भवती महिला गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रह जाए। सुरक्षित मातृत्व सिर्फ एक सुविधा नहीं, बल्कि हर महिला का अधिकार है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने लाखों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

### नानगुर एवं माड़पाल में 90 लाख की लागत से होगा बाजार शेड का निर्माण कार्य , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने क्षेत्र की जनता को दी सौगात

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आज नानगुर एवं माड़पाल में में आधुनिक बाजार शेड निर्माण का विधिवत भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने किया। नानगुर बाजार स्थल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने 40 लाख की लागत से आधुनिक बाजार शेड निर्माण , माड़पाल में 40 लाख रूपए की लागत से आधुनिक बाजार शेड निर्माण कार्य, माड़पाल में कोदाईबुड़ी माता गुड़ी में 05 लाख की लागत से आहता निर्माण,कोटगुड़ीन लिंगई मंदिर में 05 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को सौगात दिया गया। बाजार शेड भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुये कहा कि नानगुर एवं माड़पाल क्षेत्र में क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस की बहुत पुरानी मांग रही है। क्षेत्र की जनता को बाजार स्थल में उचित स्थान नहीं मिलता था । जिससे हमारे जनता को बाजार में आने से समस्या होती थी। क्षेत्र की जनता के मांग के अनुरूप पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से बाजार शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। विकास कार्य में किसी तरह का समझौता नहीं होगा। श्री देव ने कहा जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र का विकास किया जायेगा। जनता को सड़क, पानी,विधुत , पुलिया, शिक्षा जैसे मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री जी का सहृदय आभार। प्रदेश सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है।



शासन की योजनाओं का लाभ उठायें। श्री देव ने कहा जनता के बीच पहुंचकर उनकी हर छोटी-बड़ी मांगों को सुनकर उसका समाधान किया जा रहा है। जनता ने हम पर विश्वास जताया है उस पर हम लगातार कार्य कर रहे हैं । नानगुर एवं माड़पाल में बाजार शेड निर्माण एवं माता मंदिर में शेड व आहता निर्माण से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ होगा। हमारे क्षेत्र की जनता आधुनिक शेड में बैठकर अपना व्यवसाय करेंगे। भूमिपूजन पश्चात निर्माण कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्री पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिन्दु साहू, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया,नानगुर सरपंच सुखराम बधेल, माड़पाल संरपंच महादेव बाकड़ा,उप सरपंच चंद्रकला साहनी,सतीश सेठिया, मनोहर सेठिया, राजेश शर्मा, सीमांचल दास, मुरली मनोहर,राधे सेठिया, चंद्रकांत सेठिया,मोहन सेठिया,कुंज बिहारी दास,रधु सेठिया, सविता साहनी, बलिराम,राधे पर्न्दे, सीईओ अमित भाटिया, एवं भाजपा कार्यकर्ता व काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

## सैमसंग ने एआई वॉश के साथ लॉन्च की बीस्पोक एआई टॉप लोड वाशिंग मशीनें

**गुरुग्राम:** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने अपनी टॉप लोड वॉशिंग मशीन की श्रेणी में बीस्पोक एआई का विस्तार करने की घोषणा की है। यह कदम बीस्पोक एआई फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों को ग्राहकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद उठाया गया है। नई रेंज कपड़ों की अच्छे से देखभाल करने, बिजली की बचत और आसान इस्तेमाल के लिए एडवांस्ड एआई पावर्ड फीचर्स के साथ आती है। इस विस्तार से सैमसंग ने नए आविष्कारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है, जिससे ग्राहकों को स्मार्ट और आसान धुलाई का अनुभव मिलेगा। नई टॉप लोड वॉशिंग मशीनें 8KG, 10KG, 12KG और 14KG की क्षमता में उपलब्ध हैं और इन्हें बीस्पोक एआई के साथ कपड़े धोने का आसान और कुशल अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये मशीनें ब्लैक कैवियार, लैवेंडर ग्रे, और नए लॉन्च किये गये डीप चारकोल व ब्रश्ड नेवी जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं। ये वॉशिंग मशीनें आज के जमाने के आधुनिक घरों की खूबसूरती में और चार-चांद लगाएंगी। एआई वॉश और इसके 3-चरण सेंसिंग सिस्टम से लैस ये मशीनें कपड़े के प्रकार और वजन का पता लगाकर प्रत्येक लोड के लिए सबसे उपयुक्त सेटिंग्स की सिफारिश करती हैं। एडवांस्ड एआई एल्गोरिदम की मदद से, यह वॉश साइकल कई प्रमुख मानकों जैसेकि पानी के स्तर, कपड़े धुलने की तीव्रता, और वॉश व रिंस के समय को समायोजित करता है, जिससे कपड़ों की 25% अधिक देखभाल होती है। इस टेक्नोलॉजी के साथ, इकोबबल, हाइजीन स्टीम (इनबिल्ट हीटर के साथ), सुपर स्पीड, एआई एनर्जी मोड, स्मार्टथिंग्स इंटीग्रेशन, और एआई वीआरटी+™ (वाइब्रेशन रिडक्शन टेक्नोलॉजी) जैसे फीचर्स कपड़ों की सुरक्षा, उनकी बेहतर सफाई, बिजली की बचत, और सुविधाजनक कनेक्टिविटी को बढ़ाते हैं। घुफ्रान आलम, वाइस प्रेसिडेंट, डिजिटल अप्लायंसेज, सैमसंग इंडिया ने कहा, हमारी बीस्पोक एआई टॉप लोड वॉशिंग मशीनों के लॉन्च से पता चलता है कि हम भारतीय ग्राहकों की लगातार बदल रही जरूरतों को पूरा करने के लिए नए-नए आविष्कार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की ऑल-न्यू CB750 हॉर्नेट और CB1000 हॉर्नेट SP 'बुकिंग्स शुरू'

**गुरुग्राम:** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपने प्रीमियम पोर्टफोलियो में दो दमदार नई मोटरसाइकलों — CB750 हॉर्नेट और CB1000 हॉर्नेट स्क— के लॉन्च की घोषणा की। इन दोनों मोटरसाइकलों की बुकिंग अब खुल चुकी है और इनकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू की जाएगी। नई होंडा CB750 हॉर्नेट की कीमत 8,59,500 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम) रखी गई है, जबकि CB1000 हॉर्नेट SP की कीमत 12,35,900 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम) निर्धारित की गई है। CB750 हॉर्नेट देश भर के सभी BigWing Topline और BigWing डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगी, वहीं CB1000 हॉर्नेट SP को केवल BigWing Topline डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। नई प्रीमियम मोटरसाइकलों की शुरुआत पर होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसीडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, भारत का प्रीमियम मोटरसाइकल सेगमेंट वर्षों से शानदार विकास कर रहा है, खासकर उन युवाओं के बीच जो स्टाइल के साथ परफॉर्मेंस की तलाश में रहते हैं। CB750 हॉर्नेट और CB1000 हॉर्नेट SP के लॉन्च के साथ, हम फन बाइकिंग के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना चाहते हैं। ये मोटरसाइकलें होंडा की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, एग्रेसिव डिज़ाइन और रोमांचक परफॉर्मेंस की विरासत को दर्शाती हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये हॉर्नेट्स उन राइडर्स को जरूर पसंद आएंगी जो एक डायनामिक और स्पोर्टी राइडिंग अनुभव की तलाश में हैं।

## अरुणाचल प्रदेश का जीएसटी कलेक्शन 66 प्रतिशत बढ़ा, करदाताओं की संख्या 20,000 के पार

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश का जीएसटी कलेक्शन अप्रैल में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 66 प्रतिशत बढ़ा है। यह जानकारी मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू की ओर से दी गई। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए लिखा, अरुणाचल ने अप्रैल 2025 में अपना अब तक का सबसे अधिक मासिक 332 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रह दर्ज किया है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 66 प्रतिशत अधिक है। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा, 2017 में जीएसटी के लॉन्च होने के बाद से अरुणाचल का करदाता आधार काफी बढ़ गया है और आज राज्य में 20,000 से अधिक पंजीकृत करदाता हैं। इस पोस्ट के साथ खांडू ने एक पोस्टर भी शेयर किया, जिसमें लिखा हुआ था कि सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 66 प्रतिशत की वृद्धि मजबूत आर्थिक विकास का संकेतक है। साथ ही इसमें आगे लिखा था कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से राज्य के कर आधार में कई गुना की वृद्धि हुई है। भारत का अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन बढ़कर रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले साल इसी महीने के 2.10 लाख करोड़ रुपए से 12.6 प्रतिशत अधिक है।

## कमजोर वैश्विक वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक विकास लगातार व्यापारिक तनाव, बढ़ी हुई नीतिगत अनिश्चितता और कमजोर उपभोक्ता भावना के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि उच्च व्यापार और टैरिफ-संबंधी चिंताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। आरबीआई बुलेटिन के अनुसार, इन चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती प्रदर्शित की है। अप्रैल में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स ने अपनी गति बनाए रखी। रबी की बंपर फसल और गर्मियों की फसलों के लिए अधिक रकबा, साथ ही 2025 के लिए अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वानुमान, कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत देते हैं।

# मुंबई ने दिल्ली को हराकर प्लेऑफ में मारी धमाकेदार एंट्री, सूर्य ने खेली शानदार 73 रनों की पारी

### बुमराह और सेटनर ने झटके 3-3 विकेट

**मुंबई।** आईपीएल 2025 के 63 वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हरा दिया है. इसके साथ मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई. 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की पूरी टीम 121 रनों पर सिमट गई. इसके साथ दिल्ली का सफर यहीं पर ही खत्म हो गया. मुंबई के ओर से बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि सेटनर ने 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट झटके.

गुजरात, अरसीबी और पंजाब के बाद मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है. इस जीत के साथ मुंबई के कुल 16 अंक हो गए हैं और उनका लीग का आखिरी मैच पंजाब से है.

दिल्ली की टीम 181 रनों के लक्ष्य पीछा करने में विफल रही, क्योंकि समीर रिजवी (39 रन) के अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सका. जिसकी वजह से उन्हें 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा.



दिल्ली आईपीएल 2025 में लगातार 4 मैच जीतकर अपने अभियान की शुरूआत करने के बावजूद प्लेऑफ से बाहर हो गई. जबकि मुंबई शुरू में लगातार 5 मैच हारने के बाद भी प्लेऑफ में क्वालीफाई करके सबको एक बार फिर चौंका दिया है. इससे पहले टॉस हारने के बाद मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 180 रन बनाए, जिसमें अंतिम दो ओवरों में 48 रन बने. सूर्यकुमार 16वें ओवर की समाप्ति पर 28 गेंदों पर 35 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन डेथ ओवरों में उन्होंने आक्रामक शुरुआत की. उन्होंने अंतिम ओवर में दुष्मंथा चमीरा की धज्जियां उड़ाते हुए दो छक्कों और दो चौकों सहित 21 रन बनाए.

सूर्यकुमार ने स्कोर में तेजी लाने के लिए सही समय का इंतजार किया, खेल को गहराई तक ले गए और डेथ ओवरों में टीम को महत्वपूर्ण गति प्रदान की. सूर्य ने 43 गेंद पर 73 रनों की इनिंग खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल थे.

पहले सात ओवरों में नियमित अंतराल पर मुंबई इंडियंस के विकेट खोने के बाद उन्होंने और तिलक वर्मा ने 55 रनों की साझेदारी की. तिलक ने 27 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि नमन धीर ने शानदार फिनिशिंग टच देते हुए सिर्फ 8 गेंदों पर 24 रन बनाए.

## आयरलैंड की हैट्रिक जीत, वेस्टइंडीज को फिर हराया, पॉल स्टर्लिंग ने रचा नया इतिहास

**डबलिन।** आयरलैंड ने बुधवार, 21 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में वेस्टइंडीज पर ऐतिहासिक 124 रनों की जीत दर्ज की. तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में जीत 304 के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 34.1 ओवर में 179 पर ही ढेर हो गई. यह वनडे क्रिकेट में वेस्टइंडीज पर आयरलैंड की लगातार तीसरी जीत थी. वैसे कुल मिलाकर, आयरलैंड ने वेस्टइंडीज पर अपनी चौथी जीत दर्ज की. आयरलैंड की टीम ने एंडी बालबर्नी के शतक और गेंदबाजी इकाई के सामूहिक प्रयास की बदौलत ये बड़ी जीत दर्ज की.



304 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पारी की शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और उनके 31 के स्कोर पर ही 5 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए. उसके बाद जस्टिन ग्रीव्स (17 गेंदों पर 35 रन), रोस्टन चेज (76 गेंदों पर 55 रन) और मैथ्यू फोर्ड (48 गेंदों पर 38 रन) ने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थीं. आयरलैंड की ओर से मकार्थी ने 4 जबकि डॉक्रेल ने 3 विकेट लिए.

इससे पहले मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (54) और एंडी बालबर्नी (112) ने पहले विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की. इसके बाद बल्लेबाजो ने रन बनाने की गति को जारी रखा और टीम ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया. हैरी टेक्टर ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 56 रन बनाए, मैथ्यू फोर्ड और अल्जारी जोसेफ ने क्रमश: तीन और दो विकेट लिए.

आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में 54 रनों की अर्धशतक पारी खेलकर इतिहास रच दिया. क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले आयरलैंड के खिलाड़ी बन गए. 34 वर्षीय स्टर्लिंग देश के लिए अंतरराष्ट्रीय रन बनाने के मामले में अपने हमवतन से काफी आगे हैं. दूसरे स्थान पर मौजूद एंडी बालबर्नी अभी भी स्टर्लिंग से लगभग 4000 रन पीछे हैं.

## टोटेनहम हॉटस्पर ने रचा इतिहास, मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर 17 साल बाद जीता यूरोपा लीग का खिताब

**बिलबाओ ( स्पेन )।** टोटेनहम हॉटस्पर ने 22 मई, बुधवार को यहां स्पेन के बिलबाओ में मैनचेस्टर यूनाइटेड पर 1-0 की मामूली जीत के साथ यूरोपा लीग फाइनल जीतकर अपने 17 साल के लंबे ट्रॉफी सूखे को खत्म किया. 2008 में लीग कप जीतने के बाद से यह उनकी पहली खिताबी जीत है.

पहले हाफ में ब्रेनन जॉनसन का गोल मैच में बनाया गया एकमात्र गोल साबित हुआ. इस मैच में कोई बेहतरीन फुटबॉल नहीं देखने को मिला, लेकिन नॉर्थ लंदन के इस क्लब के लिए यह बहुत मायने रखता था. मैनचेस्टर यूनाइटेड को 16 मौके मिले, जिनमें से छह निशाने पर लगे, लेकिन वे सफलता नहीं पा सके. इस करारी हार के साथ, रुबेन एमोरिम के पुरुष अब अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे. जॉनसन के गोल को छोड़कर, पहला हाफ दोनों टीमों के लिए यादगार नहीं रहा. वे गेंद को अपने कब्जे में रखने में लापरवाह थे और अंतिम तीसरे भाग में सटीकता की कमी थी. मैच का सबसे महत्वपूर्ण क्षण हाफटाइम से ठीक पहले आया जब पापे सार ने जॉनसन को निशाना बनाते हुए यूनाइटेड पेनल्टी क्षेत्र में गेंद को असिस्ट किया. जॉनसन ने यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को पीछे छोड़ते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया, यह गोल टोटेनहम हॉटस्पर की ऐतिहासिक जीत में निर्णायक साबित हुआ. दूसरे हाफ में, मैनचेस्टर यूनाइटेड बढ़त हासिल करने के लिए बेताब था और बराबरी की तलाश में था. स्पर्स ने अपना डिफेंस कड़ा रखा, यूनाइटेड के खिलाड़ियों को कभी भी स्पष्ट अवसर नहीं बनाने दिए.टोटेनहम ने कोई खास स्टाइलिश या प्रभावशाली खेल नहीं खेला, लेकिन उन्होंने वही किया जो उन्हें करना था. 17 साल तक बिना किसी ट्रॉफी के रहने के बाद, अंतिम सीटी ने खिलाड़ियों, प्रशंसकों और उनके मैनेजर के लिए जश्न का माहौल ला दिया, जिन्होंने अब अपनी बढ़ती उपलब्धियों की लिस्ट में यूरोपीय सिल्वरवेयर भी जोड़ लिया है.


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर - रामानुजगंज (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांक : 01/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 21.05.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 12.06.2025 ( 17.30 बजे ) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सं.क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 168757 | बांकी नदी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष एवं नहर कार्य का निर्माण कार्य | रू.1407.37 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.05.2025 समय 17.30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट:- निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर,
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

जी- 252601073/4


## दिव्यांगों के जीवन में फिर लौटेगी मुस्कान, नारायण सेवा संस्थान का दूसरा निशुल्क कृत्रिम अंग शिविर रविवार को

**इंदौर।** दिव्यांगों की सेवा में समर्पित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा प्रदेशभर के दिव्यांगों की सेवार्थ विशाल नि:शुल्क शिविर का आयोजन रविवार 25 मई को इंदौर के गुरु अमरदास बैंक्वेट हॉल, चोइथराम अस्पताल के पास आयोजित होगा।



संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया -कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की तकलीफभरी जिन्दगी से मुक्ति देने संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षों से संस्थान मानवता के क्षेत्र में सेवारत है। मध्यप्रदेश के दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर इंदौर के गुरु अमरदास बैंक्वेट हॉल में रविवार, 25 मई को प्रात: 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा।

प्रेस कांफ्रेंस में निदेशक गौड़ ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान ने पिछले वर्ष 766 दिव्यांगों को सकलांगता का जीवन दिया। अब पुन: दूसरी बार फ्री कैम्प आयोजित है। इसमें दिव्यांग बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी एवं विशेषज्ञ ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक डॉक्टर्स टीम द्वारा देखा जाएगा। टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के व टिकाऊ नारायण लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिम्ब का माप लिया जायेगा। इन दिव्यांगों को संस्थान लगभग दो माह बाद इनके मेजरमेन्ट के अनुसार मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर नि:शुल्क फिटमेंट करेगा। साथ ही संस्थान सर्जन निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित करेंगे। जिनका उदयपुर स्थित हॉस्पिटल में सर्जरी होंगी।

**आश्रम प्रभारी जसवंत मेनारिया ने बताया कि इस शिविर में आने वाले रोगीयों -** परिजनों को नि:शुल्क भोजन, चाय अल्पाहार दिया जाएगा। इस शिविर के लिए संस्थान पदाधिकारीयों ने इंदौर के सम्मानित व्यक्तियों और मंत्रियों को आमन्त्रित किया है।

इस दौरान संस्थान संरक्षक पारस कटारिया, निदेशक गौड़ और आश्रम प्रभारी ने शिविर का पोस्टर जारी किया। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक ने दिव्यांगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए अपील करते हुए कहा इस शिविर में भाग लेने के इच्छुक दिव्यांग स्वयं का आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो लेकर आए। शिविर संबंधी अधिक जानकारी के लिए संस्थान हेल्पलाइन नम्बर 70235-09999 पर संपर्क करें। संरक्षक कटारिया ने कहा दिव्यांगों के लिए संस्थान के माध्यम से प्रदेश भर में आगे भी शिविर लगाए जाते रहेंगे। हजारों दिव्यांगों को नई जिंदगी मिलना हमें सेवा के लिए प्रेरणा देता है।

नारायण सेवा संस्थान 1985 से नर सेवा-नारायण सेवा की भावना से काम कर रहा है। संस्थापक कैलाश मानव को राष्ट्रपति महोदय ने मानव सेवा के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा है। संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल दिव्यांगों के लिए मेडिकल, शिक्षा, कौशल विकास और खेल अकादमी के माध्यम से मानसिक,शारीरिक एवं आर्थिक दृष्टि से मजबूत कर लाखों दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में ला चुके है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग–भानुप्रतापपुर**
**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 1638/व.ले.लि./2025–26 भानुप्रतापपुर, दिनांक 20/05/2025

**छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबंद निविदाएँ दो लिफाफा पद्धति से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग भानुप्रतापपुर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा भवन कार्य हेतु नीचे दर्शाये गए दर अनुसूचि के अनुसार प्रपत्र "अ" एवं "ई" में प्रतिशत के आधार पर स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।**

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :– 04.06.2025 अपरांह 5.30 बजे तक
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 12.06.2025 अपरांह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :– 13.06.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत एवं अमानत राशि |
|---|---|---|
| T0002 | अंतागढ़ अनुविभाग के शासकीय आवासीय/ गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। 2025–26 (प्रथम आमंत्रण) | 4.98<br>3750.00 |
| | अंतागढ़ अनुविभाग के शासकीय आवासीय/ गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। 2025–26 (प्रथम आमंत्रण) | 9.98<br>7485.00 |
| | अंतागढ़ अनुविभाग के अंतर्गत रोड मटेरियल सप्लाई कार्य। 2025–26 (प्रथम आमंत्रण) | 4.99<br>3750.00 |
| | भानुप्रतापपुर अनुविभाग के अंतर्गत मुख्यालय खण्ड में पेटी बाजार सप्लाई कार्य। 2025–26 (प्रथम आमंत्रण) | 5.00<br>3750.00 |

**नोट** :–निविदा प्रपत्र दिनांक 04/06/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निम्न अभिलेखों की राजपत्रिय अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छाया प्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकेंगे।

(1) विभाग के पंजीयन की छायाप्रति। (2) जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
(3) बैंक साल्वेंसी (जारी दिनांक से 12 माह तक वैद्य) (4) आयकर रिटर्न चालू वर्ष की छायाप्रति।
(5) अमानत राशि का लिफाफा एवं निविदा प्रपत्र का लिफाफा अलग–अलग प्राप्त होगा।
(6) आयकर चुकता प्रमाण–पत्र या विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न (फॉर्म 16 सरल)
(7) पेन कार्ड की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अन्य विवरण कार्यालयिन दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।
**कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा।**

G-252601050/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग भानुप्रतापपुर

दैनिक **विश्व परिवार** महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 24 मई 2025




## रहननाला एनीकट निर्माण के लिए 3.22 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग ने मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया अंतर्गत ग्राम जेवरा के पास रहननाला एनीकट निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 22 लाख 43 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना से पेयजल, निस्तारी और भूजल संवर्धन किया जाएगा। इसी तरह क्षेत्र के किसानों द्वारा करीब 120 हेक्टेयर क्षेत्र में स्वयं के साधन से सिंचाई की जाएगी। एनीकट निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की भी सुविधा उपलब्ध होगी।

### शुभ चक्रवर्ती विवाह सम्पन्न

## चि. रजत संग सौ.कां. परिधि का शुभ विवाह सानंद सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** डोंगरगांव शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी समाज सेवी, श्री प्रबोध जैन-स्व. श्रीमती माधुरी जैन की सुपुत्री सौ.कां. परिधि का इंदौर निवासी श्री विजय कुमार जी-श्रीमती आराधना जैन के सुपुत्र चि. रजत के साथ मंगल परिणयोत्सव दिनांक 22 मई 2025, गुरुवार को लाभांडी रायपुर स्थित श्री अग्रसेन धाम मे सानंद संपन्न हुआ। शुभ चक्रवर्ती विवाह के इस आयोजन के अवसर पर नव युगल को सगे संबंधियों, समाजसेवी जनो, राजनेताओं, इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं भेंट की।

सभी आगत जनो का स्वागत श्री अषोक कुमार जी, श्री प्रदीप कुमार जी, श्री प्रबोध कुमार जी एवं समस्त पंडित जी परिवार डोंगरगांव ने किया।

दैनिक विश्व परिवार नव दंपति के यशस्वी, सुमंगल, सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना करता है।

## सुशासन तिहार : नगर निगम जोन-7 ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में लगाया समाधान शिविर

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आयुक्त विश्वदीप आदि रहे उपस्थित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जोन-7 के 7 वार्डों के लिए पडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम जीई मार्ग में सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आयुक्त श्री विश्वदीप, एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे, एमआईसी सदस्य श्री दीपक जायसवाल, श्री भोलाराम साहू, जोन 5 अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, पार्षद श्रीमती नीना ठाकुर, श्री आनंद अग्रवाल, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, रजयंत सिंह ध्रुव की उपस्थिति में नगर निगम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिको को सुशासन तिहार के प्रथम चरण में से 11 अप्रैल तक जोन 7 के 7 वार्डो में लगे शिविर में आमजनता से प्राप्त सभी 571 आवेदनो, 407 मांगो,




164 शिकायतो का शत-प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण त्वरित समाधान द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 नई के मध्य करने की प्रकरणवार विस्तृत समाधान की जानकारी मंच से नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय द्वारा दी गई। पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत ने नगर निगम के समाधान की जानकारी के शानदार प्रस्तुतिकरण हेतु निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय की सराहना की।

सुशासन तिहार समाधान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आयुक्त श्री विश्वदीप ने किया। रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, समापति श्री सूर्यकांत राठौड, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आयुका श्री विश्वदीप, एसडीएम श्री नंदकुमार चौबे, एमआईसी सदस्य श्री दीपक जायसवाल, श्री भोलाराम साहू, जोन 5 अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, पार्षद श्रीमती मीना ठाकुर, श्री आनंद अग्रवाल, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, रजयंत सिंह ध्रुव ने मंच से उतरकर दिव्यांग नागरिक धरमराज साहू को समाज कल्याण विभाग में आवेदन करते ही प्राप्त नई बैटरी ट्रायसिकल ससम्मान प्रदत्त की, वहीं दिव्यांग नरेश दास मानिकपुरी को आवेदन करते ही तत्काल ट्रायसिकल प्रदत्त की गई। जबकि श्रवण बाधित प्रेमलता वर्मा को आवेदन देते ही श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। मंच में आवेदन करते ही तत्काल बनाये गये राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमकार्ड पात्र नागरिको को प्रदत्त किये गये। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में जाकर नवजात शिशुओ का अन्न प्रासन्न कराया। रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य पीएचई के अधिकारियों के ड्यूटी के बाद भी समाधान शिविर में उपस्थित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधितों को जिला प्रशासन के माध्यम से तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## स्वास्थ्य मंत्री ने ली स्वशासी समिति की बैठक

**रायपुर ( विसं )।** राजधानी रायपुर स्थित दंत चिकित्सा महाविद्यालय में आज छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में स्वशासी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चा की गई। बैठक में स्वशासी समिति के सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य, वरिष्ठ चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में मंत्री ने महाविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति और स्वास्थ्य सेवा के स्तर की जानकारी ली।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने 70 लाख रुपए से अधिक के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में जनता की सुविधाओं और विकास हेतु विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधायक भावना बोहरा ने ग्राम कुम्ही बोड़तरा खुर्द और छीतापार कला में 70 लाख रुपए से



अधिक की लागत से होने वाले चेक डेम सीसी रोड, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्रामवासियों को बधाई दी। इस दौरान ग्राम कुम्ही में 15 लाख 72 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र व शौचालय, ग्राम बोड़तरा खुर्द में 20 लाख की लागत से चेकडेम और ग्राम छीतापार कला में 20 लाख की लागत से चेकडेम, 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, 2 लाख 60 हजार की लागत से सीसी रोड एवं 2 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण कार्य, इस प्रकार कुल 70 लाख 32 हजार रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग कुम्ही से बोड़तरा मार्ग का 3 करोड़ 32 लाख 45 हजार रुपए की लगात से होने वाला नवीनीकरण कार्य भी प्रगति पर है।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की उन्नति तभी हो सकती है जब वहां के गाँव में सुविधाओं और संसधानों का निरंतर विकास होता है। समय के साथ कदम से कदम मिलाकर जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, सुगम आवागमन, मूलभूत सुविधाएँ, सामाजिक व सांस्कृतिक योजनाओं के लिए भवन व मंच, पक्के आवास, स्वच्छ पेयजल एवं बिजली जैसे आवश्यक सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो यही हमारा लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## शिक्षा का उद्देश्य संस्कार और सेवा होना चाहिए : राज्यपाल रमेन डेका



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विप्र पब्लिक स्कूल, रायपुर के नव-निर्मित भवन का लोकार्पण आज जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व को संवारने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने की प्रक्रिया है। अपने उद्बोधन में राज्यपाल श्री डेका ने विप्र शिक्षा समिति और विप्र कॉलेज के 30 वर्षों की शिक्षायात्रा को गौरवपूर्ण बताते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह ज्ञान, सेवा और संस्कृति का संगम है। राज्यपाल ने कहा कि आज जब पूरा विश्व डिजिटल क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## अमरजीत सिंह छाबड़ा को छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर टीम कैट ने दी बधाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का प्रतिनिधी मंडल श्री अमरजीत सिंह छाबडा जी से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि कैट टीम ने श्री अमरजीत सिंह छाबडा जी को छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर उनसे मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी वर्गों को साथ में लेकर हम देश और प्रदेश को विकसित बनाने में अपना सहयोग दें। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सभी तक पहुंचें।

श्री अमरजीत सिंह छाबडा जी से मुलाकात में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, विक्रम सिंहदेव, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, जयराम कुकरेजा, हरसुख पटेल, रतनदीप सिंह, बी.एस. परिहार, रोनक पटेल, मितेश पटेल, संदीप गुप्ता, शैलन्द्र शुक्ला एवं नरेश माखीजा आदि उपस्थित रहे।

## सुशासन में उठी आरंग को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग



**आरंग ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार को आरंग के आत्मानंद स्कूल में आयोजित सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने दर्जन भर मांग पत्र सौंपे हैं। जिसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल को राजा मोरध्वज की कहानी को स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में शामिल कराने, आरंग को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, वहीं विधायक गुरु खुशवंत साहेब को आरंग के महाविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास का विभाग संचालित कराने, राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव 2025 का आयोजन कराने, रायपुर दूरदर्शन में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों को प्राथमिकता से प्रसारित करने, विद्युत विभाग को सुरक्षा निधि राशि को सुगमता से तत्काल वापस करने, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी को बरसात पूर्व नालियों की साफ सफाई कराने, एक पेड़ मां के नाम पर लगायें पौधों की सिंचाई के लिए नलकूप उत्खनन कराने सहित अन्य जनसमस्याओं पर अनेक मांग पत्र सौंपे हैं।

## दपूम रेलवे के झलवारा में नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा, जिसके फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन के द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिए झलावारा स्टेशन पर IRCON द्वारा कटनी ग्रेड सेपरेटर लाइन (कटनी-मुड़वारा से) और सिंगरौली दिशा की ओर टाई-लाइन की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होना स्वीकृत किया गया है। यह कार्य बिलासपुर मंडल के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा किया जा रहा है। इस कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्नलिखित गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।



**रद्द होने वाली गाडियाँ**- दिनांक 01 से 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03 से 09 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02 से 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03 से 08 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02, 04 एवं 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03, 05 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02 एवं 05 जून 2025 को गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03 एवं 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 125356 रायपुर-लखनऊ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03 एवं 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 04 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 01 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18214 अजमेर -दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 05 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 18206 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 03, 05 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 51755 चिरमिरी-अनुपपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 03, 05 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 51756 अनुपपुर-चिरमिरी पैसेंजर रद्द रहेगी। 02 एवं 07 जून 2025 को गाड़ी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक 03 एवं 08 जून 2025 को गाड़ी संख्या 61602 चिरमिरी-कटनी पैसेंजर रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियाँ**- दिनांक 02 से 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस व्हाया बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट एवं गोंदिया से होते हुए चलेगी। 02 से 06 जून 2025 को गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस व्हाया गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी एवं बरौनी से होते हुए चलेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा हृज्ञश्चस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी, रायपुर शाखा द्वारा पंचदिवसीय आवासीय शिविर का सफल समापन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी, रायपुर शाखा द्वारा दिनांक 17 मई से 21 मई 2025 तक पंचदिवसीय आवासीय शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 25 कॉलेज छात्रों और 5 अन्य कार्यकर्तागण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को स्वामी विवेकानन्द के विचारों और शिक्षाओं से परिचित कराना था, ताकि वे अपने जीवन को राष्ट्र और विश्व के कल्याण के लिए समर्पित कर सकें। इन पाँच दिनों के दौरान, प्रतिभागियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी प्राप्त की, जिनमें शामिल हैं-



स्वामी विवेकानन्द के विचार- उनके जीवन दर्शन, राष्ट्रवाद और मानवतावाद पर विस्तृत चर्चा। योग और प्रार्थना- शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग आसनों और ध्यान का अभ्यास। व्यक्तित्व विकास कौशल- आत्म-सुधार और आत्मविश्वास बढ़ाने के तरीके। संचार कौशल- प्रभावी ढंग से संवाद करने की कला। प्रस्तुति कौशल- विचारों को स्पष्ट और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करने की क्षमता। शिविर के दौरान, प्रतिभागियों को यह भी सिखाया गया कि कैसे वे अपने जीवन को राष्ट्र निर्माण और विश्व के कल्याण के लिए समर्पित कर सकते हैं। उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों और सेवा भाव के महत्व को समझाया गया।

**समापन सत्र के मुख्य बिंदु**- 21 मई 2025 को सरस्वती शिशु मन्दिर, सेक्टर 4, देवेन्द्र नगर, रायपुर (गुजराती स्कूल के सामने) में आयोजित भव्य समापन समारोह में वक्ताओं ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए- रवि गहलोत ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे आत्म-अनुशासन का पालन करें और स्वेच्छा से मोबाइल से दूरी बनाए रखें, जो एकाग्रता के लिए आवश्यक है। उन्होंने सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण के महत्व पर जोर दिया और बताया कि पुस्तक पढ़ना भी एक प्रकार से लक्ष्य निर्धारित करना ही होता है, क्योंकि यह हमें ज्ञान और सही दिशा प्रदान करता है। विवेकानन्द आश्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्वामी आत्मानन्द जी की विवेकानन्द जी के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने विवेकानंद जी के शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को दोहराया और सनातन संस्कृति को केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति बताया। उन्होंने यह भी कहा कि हार-जीत जीवन का अभिन्न अंग है, परंतु हमारा केंद्र सदैव हमारे लक्ष्य पर होना चाहिए, और भगवान रामचंद्र जी ने कभी किसी को ऊँचा या नीचा नहीं माना, उन्होंने सदैव समानता का संदेश दिया।

कृतिका जैन ने परिवार की व्यापक परिभाषा देते हुए कहा कि हमारा परिवार केवल हमारे घर तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें हमारा पूरा मोहल्ला और पूरा देश शामिल है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति सामुदायिक जिम्मेदारी पर बल दिया, यह बताते हुए कि यह किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

चेतन तरवानी सत्र के अंत में, प्रतिभागियों को स्वयं से प्रतिदिन दो महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया गया- आज मैंने ऐसा कौन सा कार्य किया, जिस पर मुझे गर्व हो? आज मैंने ऐसा कोई बुरा काम तो नहीं किया, जिससे मेरे समाज या मेरे देश को हानि पहुँचे?

विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी, रायपुर शाखा, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सफल आवासीय शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसने युवाओं में राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354